तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




रेलवे स्टेशन के बाहर निर्माण कार्य चलने के कारण जगह-जगह आटो स्टैण्ड खोल लिए गए है।

## खबर संक्षेप

### सीबीआई के स्पेशल जज बने मनोज ठाकुर

**बिलासपुर।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत सीबीआई द्वारा दायर मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत में मनोज कुमार सिंह ठाकुर को विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का आदेश विधि एवं विधायी विभाग के एडिशनल सेक्रेटरी शहाबुद्दीन कुरैशी ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के परामर्श एवं सहमति के बाद जारी किया। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 3(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह नियुक्ति की है। इस आदेश के साथ 15 मार्च 2024 को जारी पूर्व अधिसूचना क्रमांक 2744 को अधिक्रमित कर दिया गया है। सीबीआइ के विशेष न्यायालय का मुख्यालय रायपुर में होगा, जहां दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (सीबीआई) द्वारा जांचे गए भ्रष्टाचार के मामलों की सुनवाई होगी।

### न्यायाधीश पदोन्नति के लिए अधिसूचना जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2025 के लिए जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के कुल 29 पदों पर पदोन्नति/भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### जिला न्यायाधीश की लिखित परीक्षा के परिणाम

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5(1) (सी) के अंतर्गत जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) 2023 सीधी भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा 10 नवंबर 2024 के परिणाम की घोषणा कर दी गई है। उक्त परीक्षा के परिणाम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### अंतिम चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कल

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वर्ष 2023-24 में जारी विज्ञापन अनुसार विभिन्न संविदा पदों पर अंतिम चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना स्थल चयन की प्रक्रिया संपन्न होगी। काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को 28 मार्च को सुबह 11.30 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।

# मौसम खुलते ही उछला पारा, तापमान 39 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आसमान पर छाए बादल हटते ही अब दिन में तेज धूप निकलने लगी है और तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। बुधवार को दिन में अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया, दोपहर में तेज धूप के कारण सड़कों पर चलने वालों की हालत खराब हो गई। शाम पांच बजे के बाद ही गर्मी से कुछ राहत मिली।

पिछले कुछ दिनों से मौसम के तेवर बदले हुए थे। आसमान पर बादल छा रहे थे और हल्की बारिश भी हो रही थी, इसके चलते मौसम सुहाना हो गया था, रात के अलावा दिन में भी लोगों को अधिक गर्मी नहीं लग रही थी। मंगलवार से मौसम खुलना शुरू हुआ, बुधवार को आसमान पर छाए बादल पूरी तरह छंट गए, इसके चलते सुबह से ही तेज धूप निकली। सुबह 11 बजे गर्म हवा चलने लगी, दोपहर दो बजे तक सड़कों पर चलने वालों को गर्म हवाओं का सामना करना पड़ा, गर्मी बढ़ने के चलते सड़कों पर भीड़ कम हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है। गर्मी बढ़ते ही लोगों के घरों के पंखे, कूलर और एसी फिर से चालू हो गए हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वालों दिनों में मौसम शुष्क रहने और तापमान तेजी से बढ़ने की संभावना है।



### बिलासपुर सबसे अधिक गर्म

बुधवार को प्रदेश में बिलासपुर ही सबसे अधिक गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद रायपुर माना एयरपोर्ट में 37.8 डिग्री, जगदलपुर में 36.8 डिग्री, पेंड्रारोड में 36.6 डिग्री, अंबिकापुर व दुर्ग में 35.5 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बिलासपुर का ही दर्ज किया जाता रहा है।

### पानी के लिए मचने लगा हाहाकार

गर्मी शुरू होते ही ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। जिले के ग्रामीण इलाकों में गर्मी के धान की खेती की जाती है, इसलिए इन दिनों हजारों की संख्या में ट्यूबवेल दिनरात चल रहे हैं। इससे ग्राउंड वाटर लेबल गिरा हुआ है, कई गांवों हैंडपंप और ट्यूबवेल से पानी की जगह हवा निकल रही है। इसे देखते हुए बांधों से नहरों के अलावा नदी, नालों में पानी छोड़े जाने की मांग की जा रही है।



### अब भी सता रही है बिजली

गर्मी में लोगों को राहत दिलाने के लिए विद्युत मंडल ने प्री समर मेंटनेंस किया है, उसके बाद भी अब गर्मी आते ही बिजली सताने लगी है। शहर के अंदर घनी आबादी वाले इलाके हों या आउटर की कालोनियां हों, हर जगह दिन और रात में किसी भी समय बिजली बंद हो रही है। लोग घंटों बिजली का इंतजार करते हुए पसीना बहा रहे हैं। इसी तरह आउटर की कालोनियों में लो वोल्टेज सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।



# दुहान बने एसईसीएल के नए सीएमडी, आज पदभार संभालेंगे

**बिलासपुर।** केंद्र सरकार ने एसईसीएल के नए चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर की नियुक्ति कर दी है। सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के डायरेक्टर टेक्निकल हरीश दुहान को नया सीएमडी बनाया गया है। उनकी नियुक्ति 26 मार्च 2025 से प्रभावी होगी।वे 31 मार्च 2028 तक पद पर रहेंगे। डॉ प्रेम सागर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद डब्लूसीएल के सीएमडी जयप्रकाश द्विवेदी यहां प्रभार पर थे। अब केंद्र सरकार की मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति एसीसी ने सीएमडी की नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। मंगलवार को स्वीकृति के बाद कोल इंडिया ने आदेश जारी किया। बुधवार की शाम श्री दुहान बिलासपुर पहुंचे। गुरुवार 27 मार्च को वे पदभार ग्रहण करेंगे।

### कोर्ट ने कहा- एक पेन से जो काम हो सकता है, वह आप नहीं करते

# फुटपाथ पर कब्जा, हाईकोर्ट ने प्रशासन को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने बुधवार को अतिक्रमण, साफ सफाई, अव्यवस्थित फुटपाथ, पर्यावरण सुरक्षा जैसे मुद्दों पर प्रकाशित खबरों को स्वतःसंज्ञान में लेते हुए बुधवार को मामले की सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच में सुनवाई के दौरान प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई गई। चीफ जस्टिस ने सुनवाई करते हुए स्पष्ट कहा कि एक पेन से जो काम हो सकता है, वह आप नहीं करते, सिर्फ ड्रामा करने जाते हैं।

हाईकोर्ट ने बिलासपुर नगर निगम और जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि शहर में हुए अतिक्रमणों को हटाने के लिए उनके पास पर्याप्त आदेश पहले से ही हैं, लेकिन कार्रवाई न करने की मानसिकता चिंता का विषय है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बनाए गए फुटपाथ पर सवाल उठाते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि, यहां कोई दिव्यांग तो क्या, एक स्वस्थ व्यक्ति भी आसानी से नहीं चल सकता। उन्होंने जिला कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शहर की दो स्मार्ट सड़कों मिट्टीतेल गली व व्यापार विहार रोड पर सुंदर फुटपाथ बनाया गया है, परन्तु दोनों सड़कों के फुटपाथ पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। कहीं दुकान खुल गई है, तो कहीं लोग अपनी गाड़ियां पार्क कर रहे हैं।



गोलबाजार में अव्यवस्थित तरीके से खड़े किए गए वाहन।



स्मार्ट रोड के फुटपाथ पर खड़ी की गई गाड़ियां।

**कछुओं की मौत पर कड़ा रुख :** हाईकोर्ट ने बिलासपुर के रतनपुर महामाया मंदिर परिसर में कछुओं की मौत पर भी कड़ा रुख दिखाया है। सुनवाई के दौरान महामाया मंदिर परिसर के कुंड में जाल बिछाकर मछलियां पकड़ने के दौरान दो दर्जन कछुओं की मौत का मामला भी सामने आने पर चीफ जस्टिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन पर सवाल उठाते हुए मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन की जवाबदेही तय करने की बात कही। उन्होंने कहा, मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन क्या कर रहे थे। इतनी बड़ी घटना कैसे हुई। अगर प्रशासन केवल आफिस में बैठकर अखबार पढ़े तो उन्हें सारी समस्याओं का पता चल जाएगा।

**कचरे के अंबार पर भी नाराजगी :** याचिका की सुनवाई के दौरान जरहाभाठा ओमनगर क्षेत्र में लगातार बढ़ते कचरे और साफ-सफाई के नाम पर खर्च हुए 4 करोड़ रुपए की खबर पर भी हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया। हाई कोर्ट ने इस संबंध में जनहित याचिका दर्ज कर ली है और जिला कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त से व्यक्तिगत शपथपत्र पर जवाब मांगा है कि इन समस्याओं का समाधान कैसे किया जाएगा..?

# दिल्ली समेत जबलपुर, प्रयागराज की फ्लाइट के समय में परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली दिल्ली समेत जबलपुर, प्रयागराज की फ्लाइटों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। कोलकाता की फ्लाइट को छोड़ बाकी फ्लाइट अपने निर्धारित समय अवधि से एक घंटे पहले उड़ान भरेगी। यह व्यवस्था समर शेड्यूल के लिए जारी की गई है। शेड्यूल 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक लागू रहेगी।

खास बात यह है कि समर शेड्यूल में किसी नए रूट पर फ्लाइट नहीं मिली है, ऐसे में यात्रियों को निराशा हाथ लग रही है। एएआई ने समर शेड्यूल की घोषणा कर दी है। जिसमें हफ्ते में 7 दिनों के लिए फ्लाइट के समय निर्धारित किए गए हैं। जिसके अनुसार सोमवार और शुक्रवार को दिल्ली से जबलपुर-जगदलपुर-बिलासपुर-दिल्ली की फ्लाइट मिलेगी। वहीं मंगलवार और गुरूवार को दिल्ली से प्रयागराज-बिलासपुर-प्रयागराज-दिल्ली की फ्लाइट उड़ान भरेगी। बुधवार को दिल्ली से बिलासपुर-जगदलपुर-जबलपुर-दिल्ली फ्लाइट मिलेगी। वहीं शनिवार को दिल्ली से बिलासपुर-जबलपुर-बिलासपुर-दिल्ली की फ्लाइट यात्रियों को मिल सकेगी। रविवार को दिल्ली से जबलपुर-बिलासपुर-जबलपुर-दिल्ली की फ्लाइट मुहैय्या होगी। वही बिलासपुर से कोलकाता की फ्लाइट सुबह 9 बजे मिलेगी।




समर शेड्यूल में बदलाव, 30 से होगा लागू



एक घंटा पहले आएगी फ्लाइट, हफ्ते में 7 दिन उड़ान की सुविधा

### इन शहरों में मिलेगी फ्लाइट

बिलासपुर से दिल्ली की फ्लाइट दोपहर 1.15 को टेकआफ करेगी, वहीं 2 घंटें 45 मिनट पर दिल्ली पर लैंड करेगी। यह फ्लाइट सोमवार और शुक्रवार को मिलेगी। वहीं मंगलवार व गुरूवार को बिलासपुर से 11.25 को फ्लाइट उड़ान भर कर 12.40 को प्रयागराज पहुंचेगी। शनिवार को बिलासपुर से फ्लाइट 10.30 को उड़ान भर कर 11.30 को जबलपुर पहुंचेगी। इसके साथ ही बुधवार को बिलासपुर से जगदलपुर की फ्लाइट सुबह 10.30 बजे मिलेगी, करीब 1 घंटें के बाद जगदलपुर पहुंचेगी। शनिवार को बिलासपुर से जबलपुर की फ्लाइट 10.10 मिनट पर मिलेगी। कोलकाता की फ्लाइट पहले की तरह ही रोजाना सुबह 6.50 से बिलासपुर 8.40 को पहुंचेगी और 9.05 को उड़ान भर 11 बजे कोलकाता में लैंड होगी।






### प्रधानमंत्री के आगमन की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

# एसपीजी के अफसरों ने किया हेलीपेड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शहर आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसपीजी के 10 से 15 अधिकारी शहर पहुंचे। अधिकारियों के द्वारा सभास्थल हेलीपेड व आसपास इलाके का भ्रमण कर सूक्ष्मता से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है।

30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिल्हा मोहभठ्ठा में सभा लेंगे। इस दौरान वे विभिन्न योजनाओं का भूमिभूजन करेंगे। करीब 100 एकड़ में उनकी सभा की तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री व उनके स्टाप के लिए 5 हेलीपेड बनाया जा रहा है। आईजी डा. संजीव शुक्ला, एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सभा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए हिर्री, बिल्हा, चकरभाठा थानेदार सहित स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। राजपत्रित अधिकारी लगातार सभास्थल में जाकर जायजा लिया जा रहा है। बुधवार को सेंट्रल से एसपीजी के 10 से 15 अधिकारियों की टीम बिल्हा मोहभठ्ठा पहुंची। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से प्रधानमंत्री के सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उसके बाद सभास्थल, हेलीपेड में जाकर सुक्ष्मता से जांच की गई। गुरूवार को सेंट्रल से एसपीजी के उच्च अधिकारी बिल्हा मोहभठ्ठा आएंगे। उनके द्वारा सभास्थल का जायजा कर सुरक्षा व्यवस्था का निर्देश दिया जाएगा।

### विष्णुदेव साय मोहभट्ठा आएंगे आज



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल 27 मार्च को मोहभट्ठा (बिल्हा) दोपहर 3 बजे आएंगे। प्रधानमंत्री के 30 मार्च को प्रस्तावित प्रवास के संबंध में की जा रही प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

### आज आएंगे बड़ी संख्या में अधिकारी

अधिकारियों के अनुसार, 27 मार्च को प्रदेश भर से लगभग 10 से 15 आईपीएस व 50 से 60 एएसपी, डीएसपी रेंग व बड़ी संख्या में निरीक्षक रेंज के अधिकारी शहर पहुंच जाएगें। उसके बाद हेलीपेड से पुरे सभास्थल व आसपास क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया जाएगा।

### ढाई हजार जवान होंगे तैनात

प्रधानमंत्री श्री मोदी की सभा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में प्रदेश भर से दो से ढाई हजार पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। गुरूवार को अधिकारियों व जवानों को सभास्थल से हेलीपेड तक व आसपास क्षेत्र में तैनात कर दिया जाएगा। एसपीजी के उच्च अधिकारियों के द्वारा जायजा लेने के बाद रिहर्सल की जाएगी।

### तीन किलो मीटर रेंज दायरे में

पुलिस विभाग के एक अधिकारी ने बताया हेलीपेड सभास्थल के आसपास तीन किलो मीटर के रेंज को दायरे में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों की टीम के द्वारा एक पखवाड़े से गांव के एक एक मकान की जांच कर लोगों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है।

### अधिकारी अलर्ट मोड में रहें : साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज वीसी के जरिए संभाग के सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री के 30 मार्च के प्रवास को लेकर की जा रही तैयारी की समीक्षा की। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित इस बैठक में संभाग आयुक्त महादेव कावरे वह आईजी संजीव शुक्ला सहित बिलासपुर के कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों ने अच्छी कार्य योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि यह तभी सफल माना जाएगा जब मैदानी स्तर पर इस योजना के अनुरूप पालन किया जाए । इस कार्यक्रम में कोई भी चूक ना हो, यह ध्यान रखा जाए। जरा भी लापरवाही से इतना बड़ा कार्यक्रम बिगड़ सकता है। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम को लेकर हमेशा अलर्ट मोड में रहने को कहा। कार्यक्रम में कोई व्यवधान न हो । भोजन का कचरा रास्ते में कहीं पर ना फेंका जाए। प्रत्येक वाहन में डस्टबिन रहे ।

### अमर ने भाजपा पदाधिकारियों व पार्षदों को सौंपे दायित्व



आज जिला भाजपा कार्यालय में विधायक अमर अग्रवाल ने विधानसभा बिलासपुर की बैठक बुलाई, जिसमें संगठन के प्रमुख पदाधिकारी और पार्षदों को बुलाकर वार्डवार दायित्व सौंपे गए। सभास्थल पर लोगों को ले जाने के लिए साधनों की व्यवस्था एवं उनके लिए समुचित सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहीं गई। श्री अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन के गाइड लाइन का परिपालन करते हुए प्रशासन ने जिस तरह की व्यवस्था बनाई है उसके साथ तालमेल बिठाकर हमें कार्य करना है। सभास्थल में एंट्री और एक्जिट पॉइंट को ध्यान में रखे, जिससे लोगों को असुविधा न हो। बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पंडाल में जिला प्रशासन द्वारा पानी एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता कराई जाएगी। लोगों को ले जाने के लिए बस एवं चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गई है। बड़े ही जिम्मेदारी के साथ वाहनों को सही समय और गंतव्य तक पहुंचाने में सजगता बरतें।

## खबर संक्षेप

### डीपी कालेज के परीक्षा परिणाम को लेकर एनएसयूआई ने खड़े किए सवाल



**बिलासपुर।** डीपी विप्र कालेज के आटोनामस को लेकर एनएसयूआई छात्र संगठन ने छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर सवाल खड़े किए हैं। एनएसयूआई ने बुधवार को कालेज प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपकर आटोनामस तहत आयोजित परीक्षा एवं घोषित परिणाम की वैधता पर कालेज प्रबंधन से पांच दिनों में स्थिति स्पष्ट करने कहा है अन्यथा कालेज घेराव की चेतावनी दी है। एनएसयूआई छात्र संगठन का कहना है कि कालेज प्रशासन ने हाल ही में स्वयं को स्वशासी घोषित करते हुए परीक्षा आयोजित की और परिणाम घोषित किए, जबकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कालेज को स्वशासी का दर्जा नहीं दिया है और न ही परीक्षा आयोजन के लिए कोई दिशा निर्देश जारी किया है। यूनिवर्सिटी ने इस परीक्षा को अमान्य घोषित करते हुए कापियों की जांच करने वाले चेकर्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद कालेज ने परिणाम जारी कर दिए, जिससे छात्रों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। एनएसयूआई के पुष्पराज साहू का कहना है छात्रों के सामने यह सवाल है कि उनके परिणाम और सर्टीफिकेट वैध हैं या नहीं। कालेज प्रशासन ने सैकड़ों छात्रों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है।

### आशीर्वाद पैनल के प्रत्याशियों ने सभी सातों पदों पर जीत दर्ज की



**बिलासपुर।** इमलीपारा स्थित बैसवारा रजक समाज भवन में रविवार को समाज का चुनाव हुआ। मतदान सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। यह चुनाव 2025-27 कार्यकाल के लिए आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। समाज के पूर्व अध्यक्ष होरीलाल रजक के मार्गदर्शन में आशीर्वाद पैनल के प्रत्याशियों ने सभी सातों पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में नीलेश रजक ने 90 मतों के साथ जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी राजेश रजक को 66 मत मिले। इस तरह नीलेश रजक 24 मतों से विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद के लिए शिवचरण रजक ने 95 मतों के साथ जीत दर्ज की, जबकि दुर्गा रजक को 56 मत मिले। दूसरे उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र रजक ने 81 मतों से जीत हासिल की, वहीं विनोद कनौजिया 60 मतों के साथ पराजित हुए। सचिव पद के लिए विजय चौधरी ने 96 मतों के साथ विजय प्राप्त की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी राजकुमार रजक को 56 मत मिले। सह-सचिव विजय रजक ने 79 मतों से जीत हासिल की, जबकि रूपलाल रजक को 59 मत मिले। संगठन सचिव पद पर जग्गू रजक 80 मतों के साथ विजयी रहे, जबकि बब्बू रजक को 66 मत मिले।

### ग्राम पंचायत मोहरा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन



**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत मोहरा में हर साल की तरह इस साल भी अखंड नवधा रामायण का आयोजन 20 मार्च से शुरू किया गया है। यह 29 मार्च तक चलेगा और 30 मार्च को हवन सहस्त्रधारा और ब्राह्मण भोज भी कराया जाएगा। जिसमें भक्तों को रामायण की महिमा सुनने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष के अखंड नवधा रामायण पाठ का नेतृत्व पंडित कमला कांत कर रहे हैं जो अपने प्रवचनों और मानस गान से भक्तों को राम के आदर्शों से अवगत करा रहे हैं। आयोजन में हर दिन रामायण के विभिन्न अंशों का पाठ किया जा रहा है, साथ ही रामकथा से जीवन के सत्य और धर्म की महत्वपूर्ण बातों से भक्तों का मार्गदर्शन किया जा रहा है। प्रवचन के साथ मानस गान भी श्रद्धालुओं के बीच अत्यधिक श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा है। ग्राम मोहरा के लोग इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान सभी भक्त राम के चरित्र और उनके उपदेशों को आत्मसात करने का प्रयास कर रहे हैं। यह आयोजन गांव के धार्मिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। कुल मिलाकर यह ग्राम पंचायत मोहरा में एकता और भक्ति का प्रतीक बनकर सामने आ रहा है।

### आप ने शहीद ए आजम भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि




**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में शहीद ए आजम भगत सिंह, शहीद राजगुरु व शहीद सुखदेव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शाम को पार्टी के जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर होली मिलन समारोह का आनंद लिया। सभी को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के इरफ़ान सिद्दीकी ने दी।

### गणगौर विसर्जन घोंघा बाबा मंदिर परिसर श्री खाटू श्याम मंदिर में 31 को

**बिलासपुर।** अखंड सौभाग्य महापर्व गणगौर विर्सजन का भव्य आयोजन इस वर्ष भी घोंघा बाबा मंदिर परिसर श्री खाटू श्याम मंदिर में 31 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से शुरू होगा। इसका आयोजन जय श्री श्याम मन्दिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। समिति ने अधिक से अधिक भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## शहर की रौनक...




देवकीनंदन चौक पर बनाए गए भारत दर्शन की रौनक फिर लौट आई है। यहां रंग-बिरंगी लाइट फव्वारा चालू हो गया है, जिससे तिरंगा आकर्षक नजर आने लगा है। इसे देखकर शाम के समय यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी सुकून मिल रहा है।

## कलेक्टोरेट में अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने बुधवार को प्रशासनिक दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन किया है। इसमें अपर कलेक्टर डॉ. ज्योति पटेल को भू-अभिलेख, भू-बंटन, भू-अर्जन, अल्प बचत, राहत शाखा का प्रभार दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे को नजूल अधिकारी के साथ वित्त एवं स्थापना शाखा, नाजरात शाखा, तथा डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत को लोक आयोग, आवास शाखा, राहत शाखा, आवक जावक का दायित्व सौंपा गया है। डिटी कलेक्टर अरूण खलखो को राजस्व मोहर्रिर, जनगणना, सिटीजन चार्टर, सिटी मजिस्ट्रेट सिटी कोतवाली, सिरगिट्टी, महिला थाना, सरकंडा, तारबहार थाना दिया गया है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर पीयूष तिवारी को परीक्षा शाखा, शिकायत शाखा, जनचौपाल, जनदर्शन, समय सीमा बैठक, डीएमएफ शाखा, चिप्स, लोकसेवा केन्द्र, बाल श्रम परियोजना सहित सिटी मजिस्ट्रेट थाना कोनी, जीआरपी, आजाक, तोरवा एवं सिविल लाइन का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा सीएसआर शाखा का प्रभार संयुक्त कलेक्टर एवं मस्तूरी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रवेश पैकरा के पास यथावत है।

## कापियां जांचने का पहला दिन ट्रेनिंग और मीटिंग में निकल गया

# पहले दिन एक शिक्षक ने जांची 5 कापियां 1200 में से 382 जांचकर्ता ही पहुंचे



महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में मूल्यांकन करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड एग्जाम की कॉपियों का मूल्यांकन 26 मार्च से शुरू हो गया। यह मूल्यांकन महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल और कन्या शाला सरकंडा में किए जा रहे हैं। पहले दिन मुश्किल से एक शिक्षक ने 5 कापियों की जांच की। पूरा दिन ट्रेनिंग और मीटिंग में निकल गया।

यही नहीं दोनों केन्द्रों को मिलाकर 1200 मूल्यांकनकर्ताओं को पहुंचना था। इसमें से मुश्किल से 300 लोग ही पहुंचे। कुल मिलाकर पहले दिन 10 वीं की करीब 1400 और बारहवीं की करीब 1200 कापियां ही जांची जा सकीं। ज्ञात हो कि इस साल एमएलबी स्कूल में 10 वीं 55 हजार और 12 वीं की 35 हजार कापियां जंचने के लिए आईं हैं। इसी तरह कन्या सरकंडा स्कूल में 10 वीं की 49 हजार और 12 वीं की 32 हजार कापियां पहुंची है। ज्ञात हो कि हर रोज 40 कॉपी जांचने का टारगेट रखा गया है जिसे बाद में बढ़ाया जाएगा। 10 वीं और 12 वीं बोर्ड की कापियों के मूल्यांकन के लिए जिले में दो केंद्र बनाए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक जिन मूल्यांकनकर्ताओं को डीबार किया गया है, उनकी लिस्ट माशिमं ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय व मूल्यांकन केंद्रों को भेज दी गई है। मई के दूसरे सप्ताह में बोर्ड के नतीजे जारी होने की संभावना है। ध्यान रहे कि इस साल एक मार्च से बोर्ड परीक्षा शुरू थी। दसवीं की परीक्षा 24 तक हुई और बारहवीं की 28 मार्च तक होगी। मुख्य विषयों की परीक्षा 24 मार्च तक समाप्त हो जाएगी। इस वजह से मूल्यांकन का काम शुरू किया जा रहा है।

■ **एमएलबी हायर सेकेंडरी स्कूल और कन्या शाला सरकंडा बनाए गए हैं केन्द्र**

### 3 स्लाट में रायपुर भेजी जाएंगी कापियां

बिलासपुर के दोनों सेंटरों में पहुंचे कापियों पर नजर डालें तो कक्षा 10वीं के सभी विषय की उत्तरपुस्तिकाएं हैं तो 12वीं में अभी तक जो पेपर हो चुके हैं उनकी कॉपियों भेजी गई हैं। दोनों सेंटरों में उत्तरपुस्तिकाओं का बाद में -एक और स्लाट आएगा। कॉपियां चेक होने के बाद 3 स्लॉट में माशिमं कार्यालय रायपुर भेजी जाएंगी। पहला स्लॉट 3 अप्रैल, दूसरा 11 अप्रैल व तीसरा स्लॉट 18 अप्रैल को वहां जमा होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांचकर्ताओं से कहा गया है कि वे कॉपी जांचने में कोई गलतियां न करें और सभी जांचकर्ता अपने-अपने सेंटर समय पर पहुंचे।

### औसत अंक नहीं, इस बार हर लाइन पर नंबर

अधिकारियों के मुताबिक मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकनकर्ताओं को स्टेपवाइज मार्किंग सिस्टम के तहत बच्चों को अंक देना होगा। कुछ साल तक मूल्यांकनकर्ता परीक्षार्थियों द्वारा लिखे गए जवाब में लाइन की संख्या देखकर ही अंक देते थे। ऐसे में औसतन अंक देने से बेहतर तरीके से जवाब लिखने वाले मेधावियों को नुकसान हो रहा था, वहीं कुछ बिना वजह ही अच्छे अंक भी पा रहे थे। इस बार हर विषय में स्टेप-बाई-स्टेप अंक तय हैं। इसमें बिना पढ़े मूल्यांकनकर्ता अंक नहीं दे सकेंगे। उदाहरण के लिए यदि किसी परीक्षार्थी ने हिंदी में आवेदन पत्र लिखा है।

### दोपहर बाद शुरू हुई कापियों की चेकिंग

ध्यान रहे कि पहले चरण में लक्ष्मीबाई व कन्या शाला सरकंडा में 10वीं की 1.05 लाख व 12वीं की 97 हजार उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गईं हैं। मूल्यांकन की प्रक्रिया 17 अप्रैल तक चलेगी। शहर के दो केंद्रों में चार ब्लॉक के 1500 शिक्षक कॉपियों की जांच करेंगे। मूल्यांकन से पहले सभी शिक्षकों की ब्रीफिंग की गई है। इसी कारण पहले दिन दोपहर बाद ही कॉपियों की जांच शुरू हो सकी। माशिमं के मुताबिक मूल्यांकन का समय सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगा। मूल्यांकनकर्ताओं की सूची पोर्टल पर ऑनलाइन भेज दी गई है। हर जांचकर्ता को पहले दिन को छोड़कर रोज 40 कॉपियां जांचनी होंगी। शासकीय कन्या शाला सरकंडा में तखतपुर और कोटा ब्लॉक के शिक्षक मूल्यांकन करेंगे। वहीं, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में बिल्हा और मस्तूरी ब्लॉक के शिक्षक कॉपियां जांचेंगे। इनकी सूची शिक्षा विभाग के पास ऑनलाइन उपलब्ध है।

## एसईसीएल उपभोक्ताओं को हाई क्वालिटी कोल की आपूर्ति करने प्रतिबद्धः सीएमडी




**बिलासपुर।** एसईसीएल द्वारा बुधवार 25 मार्च को मुख्यालय बिलासपुर में कोयला उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कंज़्यूमर मीट का आयोजन किया गया। कोल इंडिया द्वारा विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कंज़्यूमर मीट के आयोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इसी क्रम में एसईसीएल द्वारा इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीएमडी जेपी द्विवेदी ने कहा कि एसईसीएल अपने उपभोक्ताओं के हितों को सबसे ऊपर रखती है। हम आपको समय पर हाई क्वालिटी कोल की आपूर्ति करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए विक्रय एवं विपणन विभाग की टीम को बधाई दी। आगे भी इसी तरह के आयोजन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एसईसीएल, निदेशक (तकनीकी संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने उपभोक्ता की समस्याओं के त्वरित निवारण की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार ने आश्वासन दिया कि एसईसीएल उपभोक्ताओ की वित्त सम्बन्धी समस्याओं के निवारण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### उपभोक्ताओं के संबंधों को मजबूत बनाने की जरूरत

बैठक के आरंभ में महाप्रबंधक (विक्रय एवं विपणन) टी एस बहेरा ने उपभोक्ता एवं एसईसीएल के सम्बन्धों को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कंज़्यूमर मीट में 70 से अधिक कोयला उपभोक्ता कंपनियों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कोल सप्लाई एवं गुणवत्ता प्रबंधन से जुड़े कार्यसंचालन के विभिन्न विषयों एवं बेहतर आपसी समन्वय पर चर्चा की गई। उपभोक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर फीडबैक एवं सुझाव भी दिए। जिसे अमल में लाने का आश्वासन दिया गया।

## यूपीएस के विरोध में अखंड रेल कर्मचारी संघ ने दिया धरना



**बिलासपुर।** केन्द्र सरकार ने 1 अप्रैल से केन्द्रीय कर्मचारी एवं राज्य कर्मचारियों के ऊपर उनके सहमति के बगैर यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस थोपने का आर्डर जारी कर दिया है। इसके विरोध में मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर कार्यालय के सामने अखंड रेल कर्मचारी संघ ने धरना प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध प्रकट किया है।

दिसम्बर 2024 के रेलवे में मान्यता प्राप्त यूनियन के चुनाव में अखंड रेल कर्मचारी संघ ने भी मिलकर चुनाव लड़ा और दूसरे नम्बर पर रहा था। रेलवे बोर्ड के आर्डर में चुनाव की मान्यता की सीमा 35 फीसदी रखी गई थी, लेकिन बिलासपुर जोन में अखंड रेलवे कर्मचारी संघ की उपस्थिति की वजह से बिलासपुर जोन में कोई भी यूनियन रेलवे बोर्ड की ओर से लागू की गई सीमा पार नहीं कर पाए और 35 फीसदी से नीचे होने की वजह से जो पहले नंबर पर यूनियन आई उसे मान्यता दिया गया। इसमें अखंड रेलवे कर्मचारी संघ के जोनल अध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि पहले कर्मचारियों को शेयर मार्केट पर आधारित एनपीएस जबरिया थोंपा गया था। अब यूपीएस रूपी लॉलीपाप देकर केन्द्र सरकार कर्मचारियों को ठगने जा रही है, जिसका अखंड रेलवे कर्मचारी संघ विरोध करता है। अखंड रेलवे कर्मचारी संघ को समर्थन देने वाले संयुक्त मोर्चा के घटक दल के सदस्य ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कौशिक ने बताया कि चुनाव में दमदार प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों में अखंड रेल कर्मचारी संघ के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। इसी विश्वास को कायम रखने के लिए यूपीएस के विरोध में एवं पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने के समर्थन में संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। आल इंडिया लोकल रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के बिलासपुर जोन के महामंत्री वीके तिवारी ने यूपीएस की खामियां गिनाई। संयुक्त मोर्चा के संयोजक एचएस भदौरिया ने पुरानी पेंशन के लिए लगातार संघर्ष करने की बात कही। कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के नाम पर महाप्रबंधक बिलासपुर जोन एवं मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बिलासपुर रेल मंडल के 500 से अधिक कर्मचारी धरना प्रदर्शन में मौजूद थे। इसमें कार्यक्रम का संचालन अमित दास ने किया।

■ **मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन**

## हिन्दू नव वर्ष पर शोभायात्रा का सराफा एसोसिएशन करेगा भव्य स्वागत 30 को

**बिलासपुर।** हिन्दू वर्ष पर 30 मार्च को निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा का सराफा एसोसिएशन ने भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 30 मार्च को देश व्यापी हिन्दू नव वर्ष के दिन नगर में हिन्दू नव वर्ष आयोजन समिति द्वारा आयोजित विशाल सनातन शोभा यात्रा के भव्य स्वागत का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए गोल बाजार चौक से सिम्स चौक तक बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा तैयारी की जा रही है। इसमें सनातन शोभा यात्रा वाहकों का स्वागत चंदन तिलक कर फूलों की वर्षा के साथ करेंगे। उनके लिए शरबत, चाय, पानी आदि की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही नगर के सनातन के विभुतियों एवं सराफा के वरिष्ठजनों का सम्मान देने सनातन सेवा सम्मान समारोह का भी शोभा यात्रा के समक्ष श्री श्याम सदर सराफा काम्पलेक्स सदर बाजार में किया जाएगा। इसमें जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मंगत राय अग्रवाल, सनातन संस्कृति रक्षा समिति के प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, आरएसएस के अब्बास कपासी, महेन्द्र जैन, नगर निगम सभापति विनोद सोनी का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा सराफा वरिष्टगण बृजमोहन सोनी, महेन्द्र शाह, छेदीलाल सराफ, दिलीप खंडेलवाल, भीम सोनी, विजय शाह, जयंती भाई, लक्ष्मण भगतानी, रमेश सोनी, सावित्री जाजोदिया, प्रमिला देवी गुप्ता, दारा सिंह शामिल हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील सोनी, श्रीकांत पाण्डेय, सचिव अजय सराफ, कोषाध्यक्ष राहेश शाह, जितेन्द्र सोनी, नवनाथ, मनु सोनी, सशांक स्वर्णकार, विक्की सोनी, सज्जन सोनी, प्रकाश सोनी, किशन सोनी, छेदीलाल सराफ, दिलीप खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

## श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण संस्था के भोगल आठवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**बिलासपुर।** सिख समाज द्वारा संचालित श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण संस्था का चुनाव श्री गुरु तेग बहादुर उमाशा सभा भवन में संपन्न हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल का लेखा-जोखा पेश किया।

चुनाव अधिकारी हरविंदर सिंह ने आगामी 3 वर्षों के लिए चुनाव की घोषणा की। जिसमें कमल जीत सिंह सोहल ने पुनः अजीत सिंह भोगल को समिति का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। भोगल आगामी 3 वर्षों के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष बनने पर भोगल को सभी सदस्य व स्कूल के प्राचार्य व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी चरण सिंह शिरा ने कहा श्री भोगल लगातार आठवीं बार 20 वर्षों से श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण समिति के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर उमाशा को बखूबी संचालन कर रहे हैं। वे सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका में रहते हैं। इसके बाद भोगल ने शिक्षण समिति के कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें सचिव त्रिलोचन सिंह, उपाध्यक्ष चरण सिंह शह, सचिव कमल सिंह सोहल, कोषाध्यक्ष कमल जबल को बनाया गया। इस अवसर पर रविंद्र सिंह, अमरदेव सिंह भगत, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, हरविंदर सिंह सिहर, सुखविंदर सिंह, अरविंद कपूर, मनदीप कौर, निशि गुप्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## विचार एवं काव्य गोष्ठी का भी आयोजन

# तुलसी साहित्य अकादमी ने किया विभूतियों का सम्मान

**बिलासपुर।** तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई की द्वारा 23 मार्च को पुराना सरकंडा में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विमोचन एवं सम्मान समारोह तथा विचार एवं काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि छग राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य, डॉ श्रीधर गौरहा की अध्यक्षता एवं शिव प्रताप साव, विष्णु कुमार तिवारी, साहित्यकार पुरान, चन्द्र प्रकाश वाजपेयी, अखिलेश चन्द्र वाजपेयी, विनय पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री पाठक ने कहा कि साहित्य केवल समाज का दर्पण ही नहीं होता है बल्कि पथ प्रदर्शक भी होता है, साथ ही वह सामाजिक प्रगति का पथ प्रशस्त भी करता है। उन्होंने कहा कि ऐसी विभूतियों की स्मृति में समाज एवं साहित्य के प्रति समर्पित सेवियों का सम्मान होना ही चाहिए जिससे दूसरों को भी सेवा की प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम को अध्यक्ष डॉ श्रीधर गौरहा, विशिष्ट अतिथि चन्द्र प्रकाश वाजपेयी, शिव प्रताप साव, विष्णु कुमार तिवारी, अखिलेश चन्द्र वाजपेयी, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उप महाधिवक्ता विनय कुमार पाण्डेय ने भी संबोधित किया।




## अपोलो हास्पिटल के डाक्टरों ने दी जानकारी

# जानलेवा कोलोरेक्टर कैंसर का आसान है इलाज

**बिलासपुर।** तेजी से कुछ खास क्षेत्रों में बड़ी आंत का कैंसर पैर पसारता जा रहा है। चिकित्सा जगत में इसे कोलोरेक्टल कैंसर कहा जाता है। थोड़ी सी सजगता से इस बड़ी महामारी पर आसानी से नियंत्रण हासिल किया जा सकता है और ऐसा हो भी रहा है, लेकिन इसके लिए पीड़ित को थोड़ी सी जागरूकता रखनी होगी। यह बातें प्रेसवार्ता के दौरान अपोलो के मशहूर कैंसर विशेषज्ञों ने दी। चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.अमित वर्मा और डॉ. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि कोलोरेक्टल कैंसर से बचाव ही आसान है। इसके लिए दिनचर्या और शारीरिक गतिविधियों में हो रहे परिवर्तन को ध्यान में रखना है। कोलोरेक्टल कैंसर का उम्र से कोई लेना देना नहीं है। इस प्रकार का कैंसर पचास साल के आसपास वालों में ज्यादा होता है। डाक्टरों की टीम ने बताया कि भारत में मलाशय कैंसर में मरीजों के 5 साल की जीवित रहने की दर 40 से भी कम है। इसे कभी भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। इस दौरान डाक्टरों ने मलाशय कैंसर के कारणों को भी गिनाया। उन्होंने बताया कि मलाशय से रक्तसव, या मल में रक्त या अनजाने में वजन कम होना, पेट में लगातार दर्द होना ऐसे लक्षण कोलोरेक्टल कैंसर की संभावना की तरफ इशारा करते हैं।




## गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसो.के नवरंग प्रातांध्यक्ष

**बिलासपुर।** गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छग शासन से मान्यता प्राप्त संगठन का प्रांतीय अधिवेशन एवं आमसभा 23 मार्च को सतनाम भवन आरंग रायपुर की गई। अधिवेशन में संगठन के तीन वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर आगामी तीन वर्ष के लिए पुनः कृष्णकुमार नवरंग को प्रांताध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचन पश्चात नवरंग ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए आगे की रणनीति के तहत एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए सभी संगठन को एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने पदोन्नति में आरक्षण के लिए ठोस रणनीति तैयार करने, एक हजार रुपए में संगठन का आजीवन सदस्य बनने, अनु जाति , जनजाति, पिछड़ा वर्ग, चिकित्सा, संविदा, कृषि, संगठित, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत सेवकों के लिए अलग प्रकोष्ठ गठन करने सहित चार प्रस्ताव पारित किया गया।

26 -MAR--REGNOL-pg-3_Layout 1 3/26/2025 11:42 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## जेएमपी कॉलेज के अर्शदीप का आर्मी सप्लाई कोर में चयन



**तखतपुर।** जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर के एनसीसी विंग के कैडेट अर्शदीप लहरे का आर्मी सप्लाई कोर में चयन हो गया है। उनकी लिखित एवं शारीरिक परीक्षा बेंगलुरु में आयोजित हुई थी, जिसकी जारी अंतिम सूची में उसका नाम शामिल है। अगले माह उसे बेंगलुरु के आर्मी सर्विसेज में ज्वाइन करना होगा। ज्ञात हो कि यह इस वर्ष का जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर का आर्मी में 13वां सलेक्शन है। उनकी इस उपलब्धि पर 7 छग बटालियन एनसीसी बिलासपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार राय, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद दुबे, महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन अग्रहरि सहित मित्रों ने शुभकामनाएं दी है।

## सर्वर की समस्या के कारण नहीं हो रही जमीन की रजिस्ट्री, लोग परेशान



**तखतपुर।** रजिस्ट्री ऑफिस में सर्वर डाउन होने के कारण शासन को लाखों रूपए की आर्थिक क्षति हो रही है। सुबह से दूर-दराज इलाकों से रजिस्ट्री कराने कार्यालय पहुंच रहे लोगों को सर्वर की समस्या के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तखतपुर शहर में लगभग प्रतिदिन 25 से 30 रजिस्ट्री हो जाती है, मार्च क्लोजिंग के कारण रजिस्ट्री करने वाले की संख्या बढ़ गई है। ठीक ऐसे समय में रजिस्ट्री का ठप हो जाने के कारण जो ग्रामीण रजिस्ट्री करने पहुंच भी रहे है तो बैरंग लौट रहे हैं, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ठीक मार्च के पहले रजिस्ट्री करने वालों की संख्या भी अधिक इसलिए है कि मार्च के बाद रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी होनी है। यही कारण है कि मार्च में ही रजिस्ट्री कराना उचित समझ रहे है, लेकिन सर्वर की समस्या से विभाग परेशान है और समय पर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है।

## पेंड्रारोड स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज बाहर रैन बसेरे की मांग



**पेंड्रा।** बिलासपुर कटनी रेल लाइन पर स्थित पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन मध्य भारत का प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जहां से तीर्थस्थली अमरकंटक जाना अत्यंत सरल है। पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन में सौंदर्यीकरण का कार्य रेल विभाग द्वारा कराया जा रहा है एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास हेतु प्लेटफार्म शेल्टर का कार्य प्रगति पर है। अमरकंटक फ्री जोन बनाओ के संयोजक अक्षय नामदेव ने रेल विभाग से मांग की है कि पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन में बिलासपुर की दिशा की ओर एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए जिसमें रैंप की भी सुविधा हो। अभी वर्तमान में पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन में सिर्फ कटनी की दिशा में एक पुराना फुट ओवर ब्रिज है जिसकी रिपेयरिंग करा कर यात्रियों को समर्पित किया गया है। इतने बड़े रेलवे स्टेशन में एकमात्र रेलवे फुट ओवर ब्रिज से यात्रियों को प्लेटफॉर्म पार करने में बड़ी असुविधा होती है। यात्रियों को प्लेटफार्म बदलते समय लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है, जिससे बुजुर्ग यात्री, महिलाओं, बच्चों एवं विकलांग यात्रियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यात्रियों ने स्टेशन में बिलासपुर की दिशा में भी एक रैंप युक्त रेलवे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराने की मांग की है।इससे यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। इसके अलावा यात्रियों की दूसरी मांग यह है कि पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन के बाहर अमरकंटक आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए एक सर्व सुविधा युक्त रैन बसेरे का निर्माण किया जाए। देश दुनिया के लोग अमरकंटक आने के लिए पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पर ही उतरते हैं तथा पेंड्रारोड से अमरकंटक जाते हैं। ऐसे में रैन बसेरा निर्माण यात्री सुविधाओं के विस्तार में एक बड़ा कदम साबित होगा। इसी के साथ पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर भी प्लेटफॉर्म निर्माण, यात्री सुविधाओं का विस्तार तथा रेलवे टिकट खिड़की खोलने की मांग की गई है।

### जपं अध्यक्ष रामकमल की अध्यक्षता में हुई सामान्य सभा

# पानी की समस्या व निदान पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जनपद पंचायत मुंगेली की सामान्य सभा जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई।

सामान्य सभा की प्रथम बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों में गर्मी के मौसम में पानी की समस्या को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों ने मांग की कि इन क्षेत्रों में तत्काल बोर खनन किया जाए, जिससे पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने पीएचई के अधिकारियों को संबंधित ग्रामों में जाकर निरीक्षण करने एवं समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यो की समीक्षा, शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग आदि के कार्यो की चर्चा की गई।



जनपद सामान्य सभा की बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं जनपद सदस्य।

बैठक में अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, उपाध्यक्ष पुष्पलता मोहले, जनपद सदस्य पवन पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजीव तिवारी, कमलेश मिश्रा, बीईओ प्रतिभा मण्डलोई, आरईएस एसडीओ सीके कटकवार, रामकुमार दीक्षित, जनपद सदस्य निकिता, रजनी ओगरे, बेद बाई, खोरबहरीन साहू, जानकी बारमते, सुभद्रा राजपूत, संगीता जायसवाल, राजेश, ताराचंद टण्डन, रघुराज प्रताप सिंह आदि जनपद सदस्य उपस्थित थे।



# 12वीं की परीक्षाएं संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

कक्षा 12वीं की रिटेल बैंकिंग ऑटोमोबाइल और एग्रीकल्चर के व्यावसायिक कोर्स के अंतिम पेपर के साथ ही बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं आज संपन्न हो गईं। अंतिम दिन परीक्षा दिलाने के बाद सभी विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। जो परीक्षओं के कारण होली नहीं मना पाए थे उन्होंने अपने मित्रों को रंग-गुलाल लगा कर होली मनाई।

## प्रधानमंत्री की सभा को लेकर भाजपा की बैठक



**तखतपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च मोहभट्ठा में आयोजित होने वाली सभा को लेकर मोहन वाटिका में भारतीय जनता पार्टी संगठन की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक धर्मजीत सिंह के द्वारा तखतपुर पांच मंडल तखतपुर, सकरी, विजयपुर, काठाकोनी गनियारी के कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जानकारी के साथ नागरिकों को आमंत्रण देने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विकास कार्यों के सौगात का साक्षी बनना है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधि सीधे उनसे मांग करें, जिससे कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जा सके। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक ने भी कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जिले में आगमन के दौरान हम सब उनके स्वागत में शामिल हों। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया, जिसमें कृष्ण कुमार साहू, डॉक्टर निलय तिवारी, अजय यादव, कोमल सिंह, अश्वनी शर्मा, रवि मेंहर, विनोद यादव, नयन लाल साहू, संतोष कश्यप, दिलीप तोलानी, छोटेलाल कौशिक, दिनेश राजपूत, देवी साहू, हनी पांडे, अशोक सिंह ठाकुर शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कौशिक ने किया। इस अवसर पर वंदना बाला सिंह, विशाल सिंह, वरूण सिंह, दिनेश साहू, कृष्ण कुमार साहू, कोमल सिंह, सुरेश देवांगन, सुनील आहुजा, कैलाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, सिराज जिंदरान, राकेश तिवारी, बंशी पांड़े, राजेश देवांगन, गुलजीत खुराना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत पथरिया में शपथ ग्रहण, विकास का वादा

**पथरिया।** पथरिया में बुधवार को जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों ने शपथ ली। इस दौरान विधायक धरमलाल कौशिक ने तेजी से क्षेत्र के विकास की बात कही। श्री कौशिक ने कहा कि आज देश से लेकर राज्य तक में बीजेपी की सरकार है। बीते हुए 5 सालों में पथरिया जनपद 10 साल पीछे चला गया है, यहां रास्तों से लेकर गांव की पगडंडियां पर चले लायक नहीं है। क्षेत्र की जनता ने हमें आशीर्वाद दिया है और मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यह आपके लिए शुभ परिणाम लेकर आएगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक पुन्नूलाल मोहले तथा मुख्य अतिथि के रूप में भूपेंद्र सावन्नी शामिल हुए। नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष चित्रलेखा मनीष जांगड़े तथा उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक ने उन पर विश्वास जताने के लिए क्षेत्र के लोगों को आभार जाताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर कौशिक काली, तथा जीते हुए सभी जनपद सदस्य नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, पथरिया मंडल तथा सरगांव मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# दर्राभांठा में 19 को अनिरुद्धाचार्य करेंगे भागवत कथा का वाचन



■ प्रशासन की मदद से की जाएगी तैयारी

**सीपत।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक अनिरुद्धाचार्य श्रीमद भागवत कथा का वाचन करने 19 अप्रैल को बिलासपुर के सीपत क्षेत्र के ग्राम दर्राभांठा पहुंच रहे हैं। इस भव्य व ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन की तैयारी की तैयारी दर्राभांठा के बगरंडा बारी मैदान में शुरू कर दी गई है। 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलने वाला आयोजन दर्राभांठा के छविलाल पटेल के द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के लिए 120 फीट चौड़ा व 350 फीट लंबा डोम तैयार किया जाना है। क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले व अन्य जिलों से रोजाना लाखों श्रद्धालु देश के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं अनिरुद्धाचार्य की कथा का श्रवण करने पहुंचेंगे। आयोजक छविलाल पटेल ने बताया कि भागवत कथा को लेकर नगर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह का वातावरण है। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों की बैठकें कर अलग-अलग जिम्मेदारियां भी तय की जा रही हैं। इसी क्रम में पानी की समुचित व्यवस्था व एनटीपीसी से दर्राभांठा पहुंच मार्ग की शीघ्र मरम्मत के लिए पंचायत के द्वारा एनटीपीसी प्रबंधन से सहयोग करने की मांग के लिए सहमति बनी। आयोजन को सफल बनाने महिला एवं पुरूष मिलाकर कुल 500 लोगों की सक्रिय टीम तैयार की जा रही है। मंगलवार को सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर आयोजन स्थल, पार्किंग स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित होने मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। 19 अप्रैल को सुबह 9 बजे विशाल कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा जो प्रतिदिन 3 से 6 बजे तक चलेगी।



आयोजन की तैयारी का जायजा लेते अफसर।

# जातिगत समीकरण को साधते हुए नपं अध्यक्ष ने बनाई पीआईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



■ नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया पीआईसी का गठन

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न होने के बाद सबकी निगाहें नगर पंचायत में सभापतियों की नियुक्ति पर थीं। बुधवार को पीआईसी के गठन के साथ तमाम अटकलों पर विराम लग गया और और निर्वाचित पार्षदों को सभापति के पद पर नियुक्त किया गया।

नगरीय प्रशासन के नियमानुसार नगर पंचायत अध्यक्ष मंत्रिमंडल की तर्ज पर सभापतियों की एक कमेटी का गठन करते हैं जिसकी सलाह पर विकास और जन कल्याण के कार्य करते हैं। इसी नियम के प्रकाश में नगर में पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने अपने पीआईसी का गठन किया और नगर पंचायत सीएमओ ने इसका प्रकाशन किया। जिसके अनुसार नगर पंचायत उपध्यक्ष मनोज पाण्डेय को पूनर्वास नियोजन विधि एंव सामान्य प्रशासन विभाग का सभापति, मेलाराम डडसेना को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण, जलकार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई, राम बघेल को खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ एंव चिकित्सा, इंद्रजीत यादव को राजस्व एंव बाजार विभाग, मोनिका ओमू दिवान को शिक्षा, महिला एंव बाल कल्याण विभाग की दायित्व सौंपा गया। अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने सभापतियों की सलाह और सहयोग से नगर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने की बात कहते हुए सभी को बधाई दी।

जातिगत समीकरण का रखा गया ध्यान- पीआईसी के गठन में नगर के निर्वाचित पार्षदों के टयन में जातिगत समीकरण को धयान में रखा गया। नगर में जिन जातियों की संख्या अधिक है उस जाति से आने वाले पार्षदों को स्थान मिला है। पीआईसी के गठन पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक के मार्गदर्शन में पीआईसी का गठन हुआ है, जिसमें अनुभव, युवा ऊर्जा को स्थान दिया गया है।

## 7 साल से लापता बालक दिल्ली से बरामद, परिजनों के चेहरे खिले

**मुंगेली।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में 7 वर्ष पूर्व गुम नाबालिक बालक को दिल्ली से बरामद किया गया, जिससे बालक के परिजनों के चेहरे खिल गए। मुंगेली पुलिस द्वारा वर्ष 2019 में लापता हुए नाबालिक बालक को दिल्ली से बरामद कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। 7 साल बाद गुम बालक के मिलने से प्रार्थी मां एवं उनके परिजनों के चेहरे पर भारी खुशी देखी गई एवं परिजनों के द्वारा मुंगेली पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा सभी थाना-चौकी प्रभारियों को गुम हुए बच्चों की तलाश हेतु निर्देशित किया गया, जिसके तारतम्य में गुम बच्चों की की लगातार पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक गिरजाशंकर यादव के नेतृत्व मे वर्ष 2019 में गुम हुए नाबालिक बालक को 7 साल बाद दिल्ली से बरामद कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। 7 जून 2019 को प्रार्थिया हेमा बाई पात्रे पति भागीनाथ पात्रे उम्र 45 वर्ष ने कोतवाली थाने में अपने 14 वर्षीय बेटे के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने धारा 363 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था।

# मसनी लूट के आरोपियों को पुलिस ने बिलासपुर से किया गिरफ्तार

**लोरमी।** ग्राम मसनी में हुई लूट मामले में 24 घंटे के भीतर पुलिस ने 1 आरोपी सहित दो अन्य को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 मार्च के दोपहर 3 बजे एक नाबालिक सामान लेने ग्राम मसनी से दुकान जा रहा था। उसी समय तेलियापुरान की ओर से आ रहे स्कूटी सवार 3 व्यक्तियों ने वाहन रोककर नाबालिक से पैजनिया जाने का रास्ता पूछा। बालक ने पैजनिया जाने का रास्ता बताया इसी दौरान एक आदमी ने चाकू निकालकर उसके गले में अड़ा दिया और दूसरे ने उसकी जेब से सैमसंग कंपनी का मोबाइल एवं 2 हजार नकद लूटकर फरार हो गए।

सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची एवं बारीकी से घटना की जांच शुरू की गई। पुलिस ने मामले पर धारा 309 (4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी कैमरे तथा सायबर सेल की तकनीकी साक्ष्य व सहयोग प्राप्त कर पुलिस की टीम को तत्काल बिलासपुर रवाना किया गया। पुलिस ने आरोपी मोनू यादव तथा 2 अपचारी बालकों को बिलासपुर में घेराबंदी कर हिरासत मे लिया एवं बारीकी से पूछताछ की, जिसमें युवकों ने घटना कारित करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी मोनू यादव उम्र 18 वर्ष पिता तिहारी निवासी व्यापार विहार बिलासपुर से घटना मे प्रयुक्त चाकू एवं 2 अपचारी बालकों से 15 सौ रूपए नगद, मोबाइल, घटना में प्रयुक्त स्कूटी सीजी 10 बीक्यु 8071 कीमती 85 हजार रुपए सहित कुल 96 हजार 5 सौ की सामग्री बरामद की।



जब्ती की कार्रवाई को बाद आरोपी मोनू यादव एवं 2 विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई एसडीओपी माधुरी धिरही के नेतृत्व में की गई जिसमें निरीक्षक अखिलेश वैष्णव थाना प्रभारी, लखीराम नेताम, निर्मल घोष, नरेश यादव, शेष नारायण कश्यप, रवि जांगड़े, आर पवन गंधर्व, रेखराम नेताम, कवि टोप्पो, दिलेश्वर साहू, धनंजय यादव एवं राम कश्यप शामिल रहे।

## सरपंच समूह ने किया जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत



**जरहागांव।** क्षेत्र के दशरंगपुर से श्रीकांत पांडेय के जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने से क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में खुशी की लहर है। इसी क्रम में सरपंच समूह की ओर से श्रीकांत पांडेय का भव्य स्वागत किया गया। लोहड़िया सरपंच आशा शंभू कश्यप ने बताया कि जरहागांव क्षेत्र में चार जनपद सदस्य हैं, जिनमें पद्मनी मोहले जनपद उपाध्यक्ष हैं। वही दशरंगपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व खाद्यमंत्री वर्तमान विधायक पुन्नूलाल मोहले के साथ केंद्र व प्रदेश में बीजेपी सरकार होने का फायदा अब ग्रामीणों को मिलेगा। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय बखूबी अपना दायित्व निभाने प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर पुष्पलता पद्मनी मोहले जनपद उपाध्यक्ष, पवन पांडेय जनपद सदस्य धनगांव, रीना दुर्गेश साहू, वेद मंडल ध्रुव, सरपंच समूह से लोहड़िया सरपंच आशा कश्यप, उमेश कुमार साहू सरपंच फरहदा, लक्ष्मी चंद मोहले सरपंच दशरंगपुर, रानू मेवा राम कश्यप सरपंच कोसमा, संतोष खांडे सरपंच डोमनपुर, किरण श्रीकांत कश्यप सरपंच छतौना, रानू तुकाराम साहू सरपंच बरदुली, ललिता संतोष बंजारे सरपंच भथरी, भुनेश्वरी, देवी साहू सरपंच भठलीकला, बेबी विनोद कश्यप सरपंच बिरगांव, बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, विजय दीवान, राकेश सिंह बैस, जरहागांव नगर अध्यक्ष प्रतिनिधिनिधि वेद प्रकाश कश्यप, उपाध्यक्ष मनोज कश्यप, अश्वनी कश्यप, तरुण साहू आदि स्वागत समारोह में उपस्थित रहे।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**एजुकेशन अपडेट**

## 680 युवा बने अग्निवीर 1 मई से शुरू होगी ट्रेनिंग



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2025 के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। दिसंबर 2024 में रायगढ़ में आयोजित भर्ती परीक्षा में 6726 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 680 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। अग्निवीर जीडी, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। यह रिजल्ट भारतीय सेना ने ज्वाइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।इसके अलावा सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी सूची जारी कर दी गई है। दिसंबर 2024 में रायगढ़ में आयोजित भर्ती परीक्षा में 6726 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 680 सफल हुए। अब तक अग्निवीर जीडी, टेक्निकल और ट्रेड्समैन के नतीजे घोषित हो चुके हैं, जबकि अग्निवीर क्लर्क और अग्निवीर डब्ल्यूएमपी का रिजल्ट 1-2 दिन में जारी होने की संभावना है। सभी सफल अभ्यर्थी 24 मार्च को नवा रायपुर स्थित सेना भर्ती कार्यालय में उपस्थित हुए।

चयनित अग्निवीरों की ट्रेनिंग 1 मई 2025 से शुरू होगी। इससे पहले सफल अभ्यर्थियों ने 24 मार्च 2025 को सुबह 6.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में रिपोर्ट की। यहां चयनित युवाओं की प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच डॉक्यूमेंटेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**कार्यक्रम**

## भोजपुरी गायक ने दी गीत संगीत की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** इमलीपारा स्थित भोजपुरी भवन में बुधवार को बिहार दिवस स्नेह मिलन 2025 के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बिहार के भोजपुरी गायक विनोद हलचल एवं उनकी टीम द्वारा गीत-संगीत एवं चैता का रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। जिसमें समाज के सैकड़ों लोग शामिल होकर इस पारंपरिक संगीत का आनंद लिए। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को बिहार दिवस की बधाई दी। इस मौके पर छतीसगढ़ के कार्यक्रम प्रभारी समन्वयक आशुतोष कुमार, शहर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर, भोजपुरी समाज के अध्यक्ष विजय ओझा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह, एनपी शर्मा, सुभाष तिवारी, बीएन दुबे, अमरकांत तिवारी, रामप्रताप सिंह, वीरेंद्र तिवारी, बिहारी चौधरी, मुरारी दुबे, विजय दुबे, बबलू कश्यप, हरेंद्र तिवारी, सीएम सिंह, संतोष ओझा, ओपी सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, चंद्र किशोर प्रसाद, लक्ष्मन यादव, विनोद पाण्डेय, राजीव गिरी, संतोष राय, विनोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन लव ओझा एवं आभार प्रदर्शन भोजपुरी समाज के अध्यक्ष विजय ओझा ने किया।

> चैता के रंगारंग कार्यक्रम से बिखरी सांस्कृतिक छटा

**आयोजन**

## अग्रवाल समाज का समर कैंप बच्चों ने लिया भाग



**बिलासपुर।** अग्रवाल महिला समिति द्वारा आयोजित समर कैंप की शुरुआत आज हो गया है, जिसमें सभी समाज से 75 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के वरिष्ठ लोगों के द्वारा की गई। समाज के सुरेंद्र अग्रवाल ने समर कैंप की शुरुआत नेशनल एंथम से किया समाज से राजेश गोयल, पवन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल भी उपस्थित रहे। समर कैंप की शुरुआत योग से की गई साथ में बच्चों को गेम भी खिलाया गया। बच्चों को समय पर आने से दो बच्चों को गिफ्ट दिया गया और राधा संथालिया के तरफ से 4 लक्की विजेता निकाला गया। यह कैंप अग्रसेन भवन जूनी लाइन में आयोजित किया जा रहा है, 29 मार्च तक चलेगा। समाज की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल सचिव वंदना जाजोदिया के साथ पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही।

> योग से की गई समर कैम्प की शुरूआत, लकी ड्रा निकाला गया

# सर्वार्थ सिद्धि योग में होगा चैत्र नवरात्र का शुभारंभ







### देवी मंदिरों में आराधना पर्व की तैयारी जोरों पर

शहर के देवी मंदिरों में आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ ही रंग-रोगन का काम किया जा रहा है। घट स्थापना अभिजित मुहूर्त में कर हर दिन देवी की अलग-अलग रूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि सहित कई शुभ योग में हो रही है। वहीं इस बार तृतीया तिथि के क्षय होने से 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा।

> तृतीया तिथि के क्षय होने से 8 दिन ही रखा जाएगा व्रत



### इन रूपों में होगी पूजा

30 मार्च प्रतिपदा को मां शैलपुत्री पूजन

31 मार्च द्वितीया तिथि को मां ब्रह्मचारिणी पूजन सुबह 9.12 बजे तक है। इसके बाद तृतीया तिथि (मां चंद्रघंटा पूजन) लगेगी, लेकिन इसका क्षय होगा।

1 अप्रैल चतुर्थी को मां कुष्मांडा।

2 अप्रैल पंचमी को मां स्कंदमाता।

3 अप्रैल षष्ठी को मां कात्यायनी।

4 अप्रैल सप्तमी को मां कालरात्रि।

5 अप्रैल अष्टमी को मां महागौरी।

6 अप्रैल नवमी को मां सिद्धिदात्री।

7 अप्रैल को दशहरा/नवरात्रि पारण।

**बिलासपुर।** नवरात्रि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होगी। इस बार चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि में इस बार 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा, लेकिन माता के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। द्वितीया और तृतीया तिथि 31 मार्च को एक ही दिन लग रही है, इसलिए तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है। इस कारण चैत्र नवरात्रि पर 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा।

### मुंबई, अमेरिका के देवी भक्तों का जलेगा कलश

जीडीसी स्थित शीतला माता देवी मंदिर में भी नवरात्रि की धूम रहेगी। कलश प्रज्जवलन के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। बिलासपुर की मुंबई, अमेरिका में रहने वाले श्रद्धालु भक्तों ने इस मंदिर में कलश प्रज्जवलन कराने रसीट कटवाए हैं। पं. मनीष पाण्डेय ने बताया कि इस नवरात्रि भी मंदिर में तेल, घी का कलश जलेगा।

### अलग-अलग कलर की साड़ी से होगा श्रृंगार

रेलवे न्यू कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ मां त्रिपुर सुंदरी मरीमाई माता मंदिर में देवी का हर दिन अलग-अलग कलर की साड़ी से श्रृंगार किया जाएगा। पहले दिन मां शैलपुत्री का अभिषेक, पूजन कर गुलाबी रंग की साड़ी से श्रृंगार होगा। घट स्थापना पूजा के बाद सुबह साढ़े 11 बजे मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा। दूसरे, तीसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का अभिषेक कर श्वेत रंग की साड़ी के साथ श्रृंगार, वेदी व कन्या पूजन, नव चंडी पाठ, ललिता सहस्रनाम, देवी भागवत पारायण विधिवत किया जाएगा। चौथे दिन मां कुष्मांडा का अभिषेक, पूजन नीले रंग की साड़ी, पांचवें दिन मां स्कंदमाता का अभिषेक, पूजन, नीले रंग की साड़ी से श्रृंगार, छठवें दिन मां कात्यानी का अभिषेक, पूजन, पीले रंग, सातवें दिन 4 अप्रैल को मां कालरात्रि का अभिषेक, पूजन कर हरे रंग, आठवें दिन मां महागौरी का अभिषेक, पूजन कर काले रंग एवं नवमीं के दिन मां सिद्धिदात्री का अभिषेक, पूजन कर गुलाबी रंग की साड़ी के साथ श्रृंगार किया जाएगा।

### काली सहस्रनाम का होगा पाठ

काली मंदिर तिफरा में नवरात्रि के पहले दिन सुबह पूजा, पठन, देवी श्रृंगार, हवन कर काली सहस्रनाम का पाठ होगा। अभिजित मुहुर्त में घट स्थापना की जाएगी। मंदिर के पुजारी भवानी दास महराज ने बताया कि मंदिर में इस साल भी देवी भागवत कथा होगी। इसमें विष्णु पाण्डेय रोहरा द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पं. संतोष तिवारी व दामोदर मेण्ड्रा द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा।

## देबस्मिता के सरोद की धुन ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में संगीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ, यह कार्यक्रम स्पीक मैके संस्था की ओर से आयोजित किया गया। यह संस्था छात्रों को भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का निरंतर प्रयास करती है। इसी जागरूकता श्रृंखला को आगे बढ़ाने के क्रम में यह आयोजन किया गया, इसमें देबस्मिता भट्टाचार्य ने अपनी प्रस्तुति दी।

स्पीक मैके के सात दिवसीय संगीत कार्यक्रमों के अंतर्गत एक शानादार और दुर्लभ प्रस्तुति एवीएम में दी गई, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उसके पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने स्मृति स्वरूप लघुपौध देकर देबस्मिता और तबला वादक दीपक साहू का स्वागत किया। संगीत मर्मज्ञ देबस्मिता भट्टाचार्य ने सरोद वादन और गायन के साथ सम्पूर्ण वातावरण को संगीतमय कर दिया, जब उन्होंने 'रघुपति राघव राज राम' और एकला चलो की धुन को बजाया तो कार्यक्रम में उपस्थित हर कोई मंत्रमुग्ध हो सुर से सुर मिला कर गाने लगे। पूरा परिसर राम धुन और संगीत से गुंजायमान हो गया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के साथ साथ जिज्ञासु विद्यार्थियों को गायन के विभिन्न रागों तीन ताल, झप ताल, रूपक ताल के बारे में बताया और सिखाया भी साथ ही सरोद वादन की विस्तृत जानकारी दी। स्पीक मैके के सीनियर वालंटियर एवं एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के चेयरमैन डॉ.अजय श्रीवास्तव ने इस अवसर पर देबस्मिता को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को भारतीय संस्कृति और धरोहर से जोड़ने का काम करेंगे । उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में संगीत एक थेरेपी की तरह काम करता है और हमारी मानसिक थकान को मिटाकर चित्त को शांत करता है। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनस्वामी ने कहा कि संगीत हमारे जीवन का वह शक्ति पुंज है जो हमें सदा ऊर्जावान बनाए रखता है।विद्यालय की प्रिंसिपल जी आर मधुलिका ने कहा कि यह संगीत का जादू है कि इसने समय को भी बाँध दिया।



सुरक्षा, दर्शन की बारीकियों को लेकर की गई चर्चा

## अयोध्या यात्रा को लेकर बांटी गई जिम्मेदारी

बिलासपुर। रामनवमीं पर भव्य अयोध्या यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। इसमें यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने बसों की सीटिंग व्यवस्था, भोजन, ठहरने, सुरक्षा और दर्शन की बारीकियों को लेकर चर्चा की गई। यात्रा के संयोजक प्रवीण झा के नेतृत्व में विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि यात्रा के दौरान 21 एसी बसें पुलिस मैदान से प्रस्थान करेंगी, जिसमें प्रत्येक बस के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। चिकित्सा दल भी हर बस में तैनात रहेगा, जो किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों की सहायता करेगा। भोजन, जलपान और ठहरने की भी उत्तम व्यवस्था की गई है। अयोध्या पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित दर्शन कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और मंदिर ट्रस्ट से विशेष अनुरोध किया गया है। यात्रा मार्ग में आवश्यकतानुसार विश्राम स्थल चिन्हित किए गए हैं, जहां यात्रियों को भोजन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह, त्रिभुवन सिंह, रिंकू मित्रा, एके कंठ, चंद्र किशोर प्रसाद, सनद पटेल, हरिशंकर कुशवाहा, सन्नी गिरी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों की टीम करेगी निगरानी

बैठक में सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि स्वयंसेवकों की टीम मिलकर श्रद्धालुओं की निगरानी करेगी। यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और चिकित्सा दल भी तैनात रहेगा। स्वयंसेवकों की टीम हर बस में मौजूद रहेगी, जो बुजुर्गों और अस्वस्थ यात्रियों की विशेष देखभाल करेगी।

### सनातन परंपरा का जीवंत उदाहरण

यह यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का प्रयास है। रामनवमीं के शुभ अवसर पर यह यात्रा भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक संगम होगी, जिसमें वे श्रीरामलला के दिव्य दर्शन कर सकेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह यात्रा श्रद्धा, सेवा और समर्पण का प्रतीक होगी, जिसमें हर रामभक्त को भगवान के चरणों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

**स्वर्ण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग के खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराया**

## ताइक्वांडो, कराते, शतरंज प्रतियोगिता

**स्पोर्ट्स न्यूज**

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्पोर्ट्स प्रमोशन संगठन भारत, स्कूल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गनाइजेसन व स्टेयर्स फाउंडेशन द्वारा खेलों को बढ़ावा देने एक भारत एक लक्ष्य फिट इंडिया अभियान के तहत राज्य स्तरीय ताइक्वांडो, कराते, शतरंज, योगासन, स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ स्टेयर्स चीफ हेड मुकेश पुरी गोस्वामी नें बताया की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उच्च खेल कौशल का प्रदर्शन किया व स्वर्ण, रजत, कास्य पदक अर्जित किया। सर्वाधिक स्वर्ण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग के खिलाड़ियों नें जीत का परचम लहराया टीम ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान अर्जित किया। बस्तर व सरगुजा के खिलाड़ियों नें भी पदक जीता व अपना स्थान राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली के लिए छत्तीसगढ़ टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। छत्तीसगढ़ का उद्घाटन में महादेव कावरे संभाग आयुक्त रायपुर व बिलासपुर संभाग नें खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया व पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को मैडल व ट्रॉफी से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से 1200 महिला पुरुष, स्कूल के बालक बालिका 60 रेफरी निर्णायक भाग लेंगे। प्रतियोगिता में महाविद्यालीन स्कूल, ओर ओपन महिला पुरुष वर्ग में अंडर 12,14,14,19, जूनियर व सीनियर वर्ग में आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली में 25 से 29 अप्रैल तक आयोजित है। उसमें छत्तीसगढ़ टीम भाग लेंगी, भारत सरकार युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है, विजयी खिलाड़ियों को मैडल ट्रॉफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।





**राष्ट्रीय स्टैयर्स कराटे प्रतियोगिता**

## एकेडमी के सभी 12 खिलाड़ी चयनित

राष्ट्रीय स्टैयर्स कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें राज्य के सभी जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया। बिलासपुर कराते एकेडमी के भी 12 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें सभी बच्चों ने मेडल प्राप्त कर अपने शहर का नाम रोशन किया एवं आगामी 22 से 25 अप्रैल को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्टैयर्स कराते प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।

चयनित खिलाड़ियों के नाम है बालिका वर्ग में अंडर 12 वर्ष में वैष्णवी कौशिक -50 किलो ग्राम को स्वर्ण पदक, आरोही बोरघरे- 30 **kg** को कांस्य पदक अंडर 14 इयर्स में टिनम देशमुख - 55 की.ग्रा. को रजत पदक अंडर 17 वर्ष में प्रिया यादव - 45 की.ग्रा. को स्वर्ण पदक इच्छा नेताम -50 की.ग्रा. को स्वर्ण पदक मिला। बालक वर्ग में अंदर 12 वर्ष में साहिल डहरिया 45 की.ग्रा. को स्वर्ण पदक रिहान उरांव को कांस्य पदक कुणाल सिंह - 50 की.ग्रा. को कांस्य पदक यश साहू 60 की.ग्रा. को स्वर्ण पदक अंदर 14 इयर्स में दीपक साहू - 40 की.ग्रा. को रजत पदक सौरभ गुप्ता -40 की.ग्रा. को कांस्य पदक जयवर्धन पांडे को - 50 की.ग्रा. में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। बिलासपुर कराटे एकेडमी के सभी 12 बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्टैयर्स कराटे प्रतियोगिता दिल्ली के लिए हुआ है। जिसमें प्रशिक्षक ठाकुर कर्ण सिंह, महिला प्रशिक्षक शिवानी बुधौलिया, सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल की अध्यक्ष सेलिना जॉर्ज, प्रबंधक राकेश दुबे एवं व्यायाम शिक्षक विजय पटेल ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।





## देश भर के वुशू खिलाड़ी जिले को दिखा रहे अपना जौहर

भारतीय वुशू महासंघ व छत्तीसगढ़ वुशू संघ के संयुक्त तत्वधान में 4 दिवसीय 8वां फ़ेडरेशन कप सीनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप बहतराई के इंडोर स्टेडीयम में आयोजित हो रहा है। जिसमें देश भर के 27 राज्य व एयर फोर्स टीम में लगभग 550 ख़लाड़ी व 100 कोच,मैनेजर ऑफिसियल भाग ले रहे हैं। यह खेल भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण, स्पोर्ट्स मिनिस्टरी ऑफ इंडिया, भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल है। यह खेल को दो भागो मे खेला जाता है। पहला सांडा इवेंट, जो फाईट इवेंट है। दुसरा तावलू ईवेंट है। जिनमे चाईनिज तलवार लाठी , भाला आदि शास्त्रों से प्रर्दशन किया जाता है। इस खेल का भव्य शुभआरम्भ माहापौर पूजा विधानी के द्वारा किया गया। इस मौके पर भारतीय वुशू संघ के सीओ सोहेल अहमद,शम्भू सेठ,संघ के अध्यक्ष संजय पिल्लै, महासचिव डी. कौन्डैयाजी उपस्थीत रहे। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का समापन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के हाथो विजयी खिलाडीयो पदक पहनाकर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### टेकर में छात्रों की विदाई एवं नवनिर्वाचित सरपंच का सम्मान



**बेलतरा।** शासकीय हाई स्कूल टेकर में 22 मार्च को कक्षा दसवीं के बच्चों को विदाई दी गई तथा नवनिर्वाचित सरपंच को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को वर्ष भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया, तथा नवनिर्वाचित हुए सरपंच सुरेश वर्मा को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच सुरेश वर्मा ने बच्चों को अनुशासन की पाठ पढ़ाया एवं प्राचार्या नसीम बेगम ने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित रहने की सीख दी।

### पंचायत सचिव संघ ने दसवें दिन भी जारी रखी हड़ताल



**मस्तूरी।** शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव संघ ने बुधवार को दसवें दिन की हड़ताल जारी रखी। दरअसल ग्राम पंचायतों के कार्यों की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त हड़ताली ग्राम पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर अपने कर्तव्य पर लौटने का निर्देश जारी किया गया था एवं निर्देश की अवहेलना करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा गया था। लेकिन इस आदेश को लेकर पंचायत सचिव संघ और आक्रामक नजर आ रहे हैं। बुधवार को सचिव संघ ने शासन-प्रशासन की कथनी व करनी को लेकर जमकर नारेबाजी की और मांगें पूरी नहीं होने तक एक लगातार आंदोलन को जारी रखने की बातें कही।

### धर्मजीत ने सतनामी समाज को दिया 5 लाख का चेक



**तखतपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तखतपुर के सतनामी समाज को 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती मनाने के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने मोहन वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में सतनामी समाज को उक्त राशि का 5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चोवादास खांडेकर, नगर पालिका सभापति सुनील जांगड़े पार्षद प्रियंका सुनील आहूजा, सतनामी कमर्चारी संघ अध्यक्ष शशिकांत जांगड़े, भागचंद कुर्रे, प्रदीप लहरे राकेश डाहिरे सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। समाज के लोगों द्वारा तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

## निधन

### वाई पुरुषोत्तम



**बिलासपुर।** भारतीय नगर निवासी वाई पुरुषोत्तम का 26 मार्च को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 27 मार्च को सुबह 11.30 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे वाई श्रीनिवास के पिता थे।

### दिनेश यादव



**बिलासपुर।** राजेन्द्र नगर निवासी दिनेश यादव पिता स्व. गंगा राम यादव का 26 मार्च को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे विकास यादव के पिता थे।

### शत्रुहन लाल बैस



**मुंगेली।** कालीमाई वार्ड निवासी रिटायर्ड नगर पालिकाकर्मी शत्रुहन लाल बैस उम्र 71 वर्ष का 25 मार्च को निधन हो गया। वे प्रहलाद एवं बसंत बैस के पिता एवं लखन लाल, सुरेश एवं रामकुमार के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार के अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।

---

**अव्यवस्था एवं डॉक्टरों की लापरवाही बन रही गर्भवती महिलाओं के लिए खतरा**

# रेफरल सेंटर बना सरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

महिलाओं के लिए मुसीबत बन चुके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव कहने को तो नगर पंचायत क्षेत्र का सबसे बड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, परंतु डॉक्टरों की लापरवाही के कारण यह सिर्फ रेफर केंद्र बनकर रह गया है।

यहां हालात ऐसे हैं कि थोड़ी सी भी तबियात बिगड़ने पर मरीजों को यहां से तुरंत सिम्स रेफर कर दिया जाता है। प्रशासन की ओर से हर महीने की 9 तथा 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच तथा उपचार के लिए निर्धारित किया है परंतु यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया है। नगर पंचायत सरगांव में सिर्फ एक ही महिला डॉक्टर शबाना परवीन हैं एवं वही स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी भी हैं। लेकिन उनके अधिकतर समय तक अस्पताल से नदारत रहने के कारण महिलाओं को इलाज के लिए पुरुष डॉक्टर के पास जाना पड़ता है। ज्यादातर इलाज करने वाली ग्रामीण महिलाएं हैं, जिन्हें पुरुषों से इलाज करने में संकोच का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं का सही से इलाज नहीं हो पता तथा उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



**जांच के बाद घंटों का इंतज़ार**

क्षेत्र की गर्भवती महिला पलक ने बताया लिए एक निश्चित तारीख को सुनिश्चित कर लेने के कारण क्षेत्र की ज्यादातर महिलाएं उसी दिन अस्पताल में इलाज कराने आती हैं। ऐसे में अस्पताल में भारी भीड़ हो जाती है। एवं ज्यादातर महिलाओं को जांच के लिए नमूने देने पड़ते हैं जिसकी रिपोर्ट आने में भी देरी हो जाती है। रिपोर्ट आने पर डॉक्टर अनुपस्थित मिलते हैं, हालात ऐसे हैं कि गर्भवती महिला गर्भ में यह बच्चे के साथ घंटों तक डॉक्टर का इंतजार करती रह जाती हैं।

**ध्यान देने की जरूरत**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव की स्थिति बदतर होते जा रही है। एक कुशल और अनुभवी इंचार्ज के ना होने के कारण आसपास के क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को भी त्वरित इलाज नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सा अधिकारियों को इस ओर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

**- परमानंद साहू,** नपं अध्यक्ष

**एक ही महिला डॉक्टर**

आपातकालीन चिकित्सा ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी एवं प्रभारी डॉ शबाना परवीन हैं। उनके नहीं रहने से आम नागरिकों को समस्या का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में पूर्व में शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले पर जब बीएमओ अनुजराम बंजारे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां एक ही महिला डॉक्टर है और एक ही दिन कई जगहों पर शिविरों का आयोजन होता है। ऐसे में एक ही डॉक्टर कितनी जगहों पर उपस्थित रह पाएंगी।



## सरपंच संघ अध्यक्ष का निर्वाचन, 90 सरपंचों ने किया मताधिकार का प्रयोग

**सकरी।** सरपंच संघ अध्यक्ष तखतपुर का चुनाव मंगलवार को कानन पेंडारी में संपन्न हुआ, जिसमें परसाकापा के सरपंच श्याम सुंदर कश्यप सबसे अधिक मत प्राप्त कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। तखतपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मी खांडे पेंडारी, श्याम सुंदर कश्यप परसाकापा, मुंजन साहू नेवरा एवं घोरमार कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। मतदान प्रक्रिया में कुल 90 सरपंचों ने भाग लिया जिसमें श्याम सुंदर कश्यप को 44 मत, लक्ष्मी खांडे को 37 मत, मुंजन साहू को 5 मत एवं संतोष फेकूलाल साहू को 2 मत प्राप्त हुआ। इस तरह श्याम सुंदर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 7 मतों से हराकर विजयी हुए। मतदान अधिकारी सचिव संघ के अध्यक्ष तुलसी ध्रुव एवं उनकी टीम ने बताया कि निर्वाचित 95 सरपंच उपस्थित थे। लेकिन मतदान के समय 90 सरपंच ने मतदान किया। चुनावी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से संपन्न कराई गई।

■ श्याम सुंदर बने सरपंच संघ तखतपुर के अध्यक्ष

**परिणाम घोषित**

सरपंच संघ तखतपुर के अध्यक्ष के निर्वाचन का कार्य संपन्न कराया गया। चार अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया, 90 सरपंचों ने मतदान में हिस्सा लिया। मतदान पश्चात मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया गया है।

- तुलसी ध्रुव, निर्वाचन, अधिकारी

## लटेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण मां कर्मा की प्रतिमा स्थापित

**मस्तूरी।** मां कर्मा देवी की जयंती पर ग्राम किरारी स्थित लटेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण एवं मां कर्मा देवी की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर सर्व सामाज के लोगों मिलकर ने पूरे श्रद्धा एवं भाव से भगवान श्रीकृष्ण तथा कर्मा माता की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। तत्पश्चात लटेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण से मोटर साइकिल से शोभा यात्रा निकाली गई जो किरारी, मस्तूरी, जरामनगर चौक होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची।

साहू समाज के वरिष्ठ नागरिक गोवर्धन प्रसाद साहू ने भक्त माता कर्मा देवी के बारे में बताते हुए कहा कि मां कर्मा देवी भगवान श्रीकृष्ण की महान भक्त थीं। वे अपनी भक्ति से भगवान कृष्ण को रोज खीचड़ी खिलाती थीं। मान्यता है कि आज भी जगन्नाथ पुरी में खिचड़ी का ही भोग लगाया जाता है, जिसे कर्मा देवी की खिचड़ी कहते हैं। उपस्थित अथितियों ने मां कर्मा देवी की जयंती समारोह आयोजित करने के लिए साहू समाज को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में खिचड़ी भोग का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर तामेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, साहू समाज के केन्द्राध्यक्ष यादवेन्द्र साहू, कृष्ण कुमार साहू, इंजीनियर भुनेश साहू, गोपाल साहू, गेदराम साहू, बोधराम साहू, विष्णु साहू, सहित सर्व सामाज के लोग उपस्थित थे।



### होलकर परिवार ने किया शीतल जल सेवा का शुभारंभ

**तखतपुर।** देवी अहिल्याबाई होलकर की पावन स्मृति में शीतल जल सेवा का शुभारंभ देवी अहिल्याबाई होलकर परिवार तखतपुर द्वारा किया गया है, जो जून तक जारी रहेगा। संस्थापक अध्यक्ष नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि यह सेवा युग ऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से प्रतिवर्ष में प्रारंभ किया जाता है। भीषण गर्मी के प्रभाव से बचने के लिए लोग अब घड़े के जल का लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर कुंज राम पाली, निर्मला लखन लाल धनगर, मीरा नारायण प्रसाद पाली, अंजू लक्ष्मण पाली, सरिता संतोष पाली, प्रज्ञा नारायण पाली, गायत्री परिवार महिला मंडल के अध्यक्ष रीना देवी सिंह ठाकुर, महेंद्र गुप्ता शिवराम गुप्ता, सीताराम श्रीवास, मनोज श्रीवास, गोपाल सिंह, अनीश कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

**मुख मुरली बजाय, छोटे से श्याम कन्हैया गीत पर थिरके साव**

## डिप्टी सीएम साव का दिखा होलियाना रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

मंगलम भवन में भाजपा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जमकर होली खेली। इस दौरान श्री साव पूरे होलियाने अंदाज में दिखे एवं मुख मुरली बजाए गाने पर थिरकते नजर आए।

उन्होंने कहा कि आप सब मेरे निमंत्रण में आए है, इसके लिए मैं आपका स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। हम सब आज होली की मस्ती में इकट्ठा हुए हैं।साथ ही उन्होंने कहा कि परिवार में हम जिस तरह होली मनाते हैं वैसे ही लोरमी परिवार होली मिलन समारोह का आनंद लेंगे। हम सब मिलकर लोरमी क्षेत्र के विकास की दिशा में कार्य करेंगे। अरुण साव के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की गई एवं फूल व रंग उड़ेल कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर अरुण साव ने गरिमा दिवाकर के साथ मुख मुरली बजाय गाना गाया एवं कार्यकर्ताओं के साथ नगाड़ा बजाकर फाग गीत आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेता, अधिकारी-कर्मचारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे।



फाग गीतों का आनंद लेते लोग।

## राशन वितरण की मांग को लेकर हितग्राहियों ने घेरा एसडीएम कार्यालय



**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत मस्तूरी के हितग्राहियों ने राशन वितरण की मांग को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपकर पिछले महीने का राशन अब तक वितरित नहीं होने की शिकायत की।

बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान का संचालन करने वाले व्यक्तियों पर एफआईआर और प्रशासनिक कार्रवाई होने के बाद से ही राशन वितरण बाधित है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि राशन उनका हक है और इसे तत्काल वितरित किया जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रशासन जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर राशन वितरण सुनिश्चित कराए, ताकि हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला और पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं। ग्रामीणों का कहना था कि वे कई दिनों से राशन के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही राशन वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन की इस आश्वासन के बाद ग्रामीण जल्द से जल्द राशन मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।

■ ज्ञापन सौंपकर की राशन नहीं मिलने की शिकायत

### वार्ड क्रमांक 47 में पेयजल की किल्लत से लोग परेशान

**मोपका।** अभी ठीक से गर्मी शुरू हुई भी नहीं हुआ है और नगर निगम में शामिल मोपका क्षेत्र में पेयजल का संकट गहरा गया है। उस पर भी चिंताजनक बात यह है कि क्षेत्र में पानी की सप्लाई के लिए निगम द्वारा टैंकरों उचित व्यवस्था भी नहीं की गई है। हालात ऐसे हैं कि जहां पानी की किल्लत है वहां इन टैंकरों को नहीं रोका जाता बल्कि विशेष मोहल्ले में ले जाकर खड़ा कर दिया जाता है।नया तालाब का पानी पुरी तरह से खराब हो चुका है और यहां बोर भी लगा है, लेकिन दो पाइप की कमी की वजह से आज तक पानी चालू नहीं किया गया है। इसी प्रकार मोहल्ले में पाइप लाइन लगी है, लेकिन किसी को ठीक से पानी सप्लाई नहीं हो रही है। नगर निगम द्वारा पेयजल का टैक्स तो घरों से लिया जा रहा है, लेकिन किसी को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता सभी को शुद्ध पेयजल दिलाना है, लेकिन यह बात मजाक से अधिक और कुछ नजर नहीं आ रही है। पूरे वार्ड के लोग पानी के लिए परेशान हैं एवं महिलाओं का आधा समय पानी के चक्कर में बेकार गुजर रहा है।



---

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**"समंस/नोटिस"**

जतिन्दर कौर वगैरह...वादीगण
**विरूद्ध** सरस्वती बाई वगैरह...प्रतिवादीगण
प्रोसेस नंबर-........
व्य. वाद क्र. 59अ/2024
आदेश दिनांक : 05/03/2025
पेशी दिनांक : 07/04/2025

**बनामः**-1-सरस्वती बाई वल्द जवाहर उम्र लगभग 73 वर्ष 2- गनेशिया बाई वल्द जवाहर, उम्र 63 वर्ष, 3- मुन्नी बाई वल्द जवाहर, उम्र 50 वर्ष, 5-कलावती पिता नथ्थूलाल, उम्र लगभग 81 वर्ष, निवासी-भातखण्डे संगीत महाविद्यालय गली टिकरापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आप प्रतिवादी क्र. 01, 02, 03, 05 को सूचित किया जाता है कि वादीगण द्वारा मौजा ग्राम जूना बिलासपुर टिकरापारा, प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. जूना बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 202 एवं खसरा नंबर 143 का टूकड़ा के विरूद्ध स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत इस न्यायालय में एक व्यवहार वाद क्रमांक 59अ/2024 पेश किया है, जो सुनवाई हेतु दिनांक 07/04/2025 को नियत है, अतः आप लोगों को इस व्यवहार वाद में अपनी दावा/आपति करनी हो तो आप लोग स्वयं या अपने किसी प्लीडर के माध्यम से पेशी दिनांक 07/04/2025 को इस न्यायालय में दिन के 11.00 बजे उपस्थित हो सकते है और इस दिन को अपना दावा/आपति या जो भी दस्तावेज पेश करना हो, पेश कर सकते है, यदि उक्त पेशी दिनांक को आप लोग अनुपस्थित रहते है तो आप लोगों की अनुपस्थिति में व्यवहार वाद में सुनवाई किया जायेगा, यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो व्यवहार वाद की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जायेगी।

अतः आज दिनांक 13/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर, दिनांक -13/03/2025

**(कु. श्वेता अवस्थी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालयः-प्रथम जिला न्यायाधीश मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

व्यवहार वाद प्रकरण क्रं. 8ए/2024
सुनवाई तिथि 26.04.2025
प्रोसेस नं. 92/25
राममणी पाण्डेय वगैरह ...वादीगण
**विरूद्ध**
अरविंद पाण्डेय वगैरह...प्रतिवादीगण

प्रति,
श्रीमती दुर्गा पाण्डेय पति स्व. विध्यवासिनी पाण्डेय, निवासी- छितानी मितानी दुबे बगीचा शनिचरी पड़ाव, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

वादीगण द्वारा इस न्यायालय में आपके एवं अन्य के विरूद्ध व्यवहार वाद वास्ते उद्घोषणा, निषेधाज्ञा विभाजन, पृथक कब्जा तथा मध्यवर्ती लाभ हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई तिथि 26.04.2025 को 11.00 बजे वाद के उत्तर देने हेतु हाजिर होने के लिए समंस दिया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवें और इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर देवें, आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतएव आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर प्रकरण की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारण वश सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई कर निराकरण किया जावेगा।

यह आज दिनांक 18.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः-मुंगेली दिनांकः-18.03.2025

**(नीरज शर्मा)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश, मुंगेली (छ.ग.)**

---

**न्यायालयः- चन्द्रकुमार अजगल्ले प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)**

विष्णु प्रसाद कश्यप...अपीलार्थी **बनाम**
आम जनता वगैरह... उत्तरवादीगण
अपील प्र. क्र. 08/2025
पेशी तारीख 11/03/2025 प्रोसेस क्र.-

प्रति,
आम जनता।

**समंस/नोटिस**

इस न्यायालय में आपके विरूद्ध अपीलार्थी विष्णु प्रसाद कश्यप पिता स्व. चरणदास कश्यप उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव (जैत) पो. सुकली थाना तहसील लालपुर जिला मुंगेली द्वारा सिविल अपील पेश किया है जिसमें वादी विष्णु प्रसाद कश्यप द्वारा वाद भूमि ग्राम पैजनिया, प0ह0नं0 47, तहसील लालपुर जिला मुंगेली छ0ग0 खसरा नं0 323 रकबा 0.30 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 324 रकबा 0.162 हेक्टेयर पर स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु संस्थित किया गया था, उक्त व्य0 वाद क्र0 32 अ/2023 में दावा खारिज किये जाने के निर्णय दिनांक 15.01.2025 से क्षुब्ध होकर यह सिविल अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसका सिविल अपील क्र0 08ए/2025 है। जिसमें आम जनता की उपस्थिति हेतु समाचार पत्र के माध्यम से आप उत्तरवादी/प्रतिवादी को उपर्युक्त प्रकरण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रतिरक्षा किये जाने हेतु सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है। प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 09.04.2025 को सुबह 11:00 बजे नियत है। अतः आप उत्तरवादी क्र. 01 स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं दावा आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक 09.04.2025 को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेंगी।

यह आज दिनांक-19.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**(चन्द्रकुमार अजगल्ले)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा (1) श्री परदेशी, (2) श्री रामकुमार, (3) श्रीमती रामबती, (4) सरस्वती, (5) मुन्त्री बाई सभी पिता स्व. ढलगन निवासी ग्राम लच्छनपुर तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. से इनके व इनके सहखातेदार श्री गोविंद वल्द स्व. ढलगन के सम्मिलित खाते कि भूमि मौजा लच्छनपुर प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नम्बर 190/1 शामिल नं. 221/3 रकबा 0.2750 हे. खसरा नम्बर 191 रकबा 0.1700 हे. खसरा नम्बर 220/2 रकबा 0.2550 हे. कुल रकबा 0.7000 हे. उक्त रकबा व खसरा में से 1.45 एकड़ भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- (1) राजेन्द्र श्रीवास
पिता स्व. दिलीप श्रीवास
मो. 9827966496
(2) हेमंत देवांगन
पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद देवांगन
दोनों निवासी कुदुदंड बिलासपुर
मो. 9981819681

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सूचना //**

क्रमांक/क/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर, दिनांक - 20.03.2025

**प्रति, जय प्रकाश अग्रवाल पिता वी.एन. अग्रवाल पता मिनोचा कॉलोनी समीपस्थ भूमि स्वामी श्री विजय सुरवानी, श्रीमती पुनम शुक्ला।**

**विषय**:- सीमांकन में उपस्थित बाबत्।

**संदर्भ** :- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क/तह./वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 20.03.2025

ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा बिलासपुर व जिला - बिलासपुर स्थित भूमि खासरा नं. 1616/4, 1617/4, 1617/3, 1620/4 रकबा क्रमशः 0.57, 0.57, 0.50 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक जय प्रकाश अग्रवाल निवासी मिनोचा कॉलोनी के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28.03.2025 समय 11 से 5 किया जाना है। आप दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2024-25
ग्राम बिरगांव प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा ग्राम बिरगांव के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीलू पात्रे पिता/पति जे.आर. पात्रे जाति सत. निवासी सुरीघाट तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम बिरगांव हल्का नं. 11 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 110 रकबा 0.90 ए. (0.364) हे. को पंजीकृत बैनामा किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/3/25 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/3/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**मुंगेली**

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी-422 मूल आबंटी श्री लखन सिंह बैंस पिता श्री संतोष सिंह बैस के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.05.2013 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 08.07.2015 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती संतरा बाई पति श्री भगवती सूर्यवंशी के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

मै अपने पक्षकार लक्ष्मीनाथ साहू पिता श्रीराम जी साहू निवासी बाजार चौक यदुनंदन नगर बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिये आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि भूमि स्वामी विजय कुमार साहू (पुनीत साहू) पिता दुकलहा राम साहू निवासी दिनेश स्टेशनरी के बाजू बाजार चौक तिफरा बिलासपुर छ0ग0 के नाम हक एवं अधिपत्य की परि. भूमि मौजा तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. बिलासपुर तह. जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 256/41 रकबा 2040 वर्गफुट भूमि है उक्त भूमि को मेरे पक्षकार लक्ष्मीनाथ साहू द्वारा भूमि स्वामी से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दिया गया है निकट भविष्य में पंजीयन कराया जावेगा।

उक्त सौदे बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें बाद में आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक 20.03.2025

**भवदीय**
**राजेश हजारी, अधिवक्ता**
**तहसील कार्या. बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9827804459**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2024-25

पक्षकार :- आवेदक बलराम मारू पिता स्व. बाबूलाल मारू...आवेदक **बनाम** अन्नू अग्रवाल पति आनंद अग्रवाल...अनावेदिका

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलराम मारू पिता स्व बाबूलाल मारू निवासी श्रीराम प्लाजा सिटी कोतवाली शनिचरी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज नजूल शीट नं. 33 प्लाट नं. 50/1,2,3,4,5,6 रकबा 29455 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर निर्मित बहुउददेशीय परिसर श्रीराम प्लाजा मे पेन्ट हाउस नं. 01 जो चतुर्थ तल पर है जिसका रकबा 1035 व.फु. (छत छोड़कर) को आवेदक के द्वारा अनावेदिका अन्नू अग्रवाल पति आनंद अग्रवाल से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 9/4/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 26/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 20/03/2025

प्रति,
1. आवेदक रज्जन भोई पिता स्व. मंगलू आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. दुखीराम सा. हरदीडीह 3. मुन्ना सा. हरदीडीह 4. शीतल प्रसाद सा. हरदीडीह एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

**विषयः सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/Q/तह./ना.तह. वा./2024 बिलासपुर दिनांक 23/04/2024

ग्राम हरदीडीह प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 174/17 रकबा 0.243 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक रज्जन भोई निवासी हरदीडीह के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /अति. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 01.04.2025 को समय 10:00 से 05:00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 12.03.2025

ग्राम तिफरा बिलासपुर के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 195/1 रकबा 0.0570 हे. एकड़ की अभिलेख सुधार के लिए श्री बहादुर सिंह आ.स्व. हरनाम सिंह निवासी हरदी बाजार द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28.03.2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक .../..../2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### सब इंजीनियर की भर्ती के लिए आवेदन एक तक

**बिलासपुर।** व्यापमं की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में सब इंजीनियर की भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 11 मार्च से शुरु हो गई है। अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक इन पदों के लिए फॉर्म भर सकेंगे। इस परीक्षा की संभावित तिथि 27 अप्रैल है। व्यापमं की ओर से ही परीक्षा आयोजित की जाएगी। बीते दिनों इन पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके अनुसार कुल 128 पदों पर भर्ती होगी। इसमें 118 सिविल और 10 पद विद्युत/यांत्रिकी सब इंजीनियर के लिए है। परीक्षा के लिए रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर और जगदलपुर संभाग में केंद्र बनाए जाएंगे। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### 26 फेरों के लिए हुआ स्पेशल ट्रेन का विस्तार

**बिलासपुर।** रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। यह गाड़ी 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल की सुविधा 28 मार्च तक चल रही है, जिसके परिचालन में 26 फेरों का विस्तार 27 जून तक किया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 1 अप्रैल से 26 जून तक विस्तार किया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 08186 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2 अप्रैल से 27 जून तक विस्तार किया गया है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 29 मार्च से

**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना अग्निवीर भर्ती 2025 के तहत एमआर (मैट्रिक रिक्रूट) और एसएसआर (सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट) के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आवेदन 29 मार्च से किए जा सकेंगे। इस भर्ती के लिए अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### पीईटी-पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को

**बिलासपुर।** प्रदेश में इंजीनियरिंग और फार्मेसी में एडमिशन के लिए व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) और प्री-फार्मेसी टेस्ट (पीपीएचटी) 8 मई को होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 17 अप्रैल शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म में सुधार करने का अवसर 18 से 20 अप्रैल तक मिलेगा। प्रवेश पत्र 29 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। पीईटी परीक्षा 8 मई की सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। जबकि पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्र सभी 33 जिला मुख्यालयों में बनाए जाएंगे।

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** शादी तय होने के बाद युवती ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, ग्राम खमरिया निवासी कु. मनुस सोनझरा पिता रामफल सोनझरा 22 साल की शादी तय हो गई थी। 15 अप्रैल को उनका शादी होने वाली थी। घरवाले शादी के तैयारी में जुट गए थे। 25 मार्च की शाम 5 बजे अपने कमरे के म्यार में दुपट्टा से फांसी लगाकर झूल गई। नीचे उतारे तब तक उनकी मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस बुधवार को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

**सीवरेज योजना को जुलाई 2025 तक काम पूरा करने का टारगेट** | शहर सरकार की पहली एमआईसी की बैठक में पेयजल और शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का मुद्दा गरमाया

# शहर में साढ़े 5 करोड़ में स्ट्रीट लाइट लगाने का ठेका निरस्त, रीटेंडर किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर सरकार की पहली एमआईसी की बैठक में पेयजल और शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का मुद्दा गरमाया रहा। हालांकि कुल 36 में से 35 प्रस्ताव पास कर दिए गए है। स्ट्रीट लाइट लगाने के प्रस्ताव को पास नहीं किया गया और रिटेंडर कराने पर सहमति बनी।

- **कुल 36 में से 35 प्रस्ताव पास, देवरीखुर्द एवं चिल्हाटी में पेयजल व्यवस्था के लिए चार करोड़ तिहत्तर लाख**

दरअसल नाइट पोल के माध्यम से इस लाइट को लगाने के लिए पहले पौने पांच करोड़ का टेंडर जारी किया गया था। एक ठेकेदार को 2 प्रतिशत बिलो रेट पर यह काम मिल भी गया। एमआईसी में मुद्दा उठा और सदस्य द्वारा गया कि फिलहाल 28 से 30 प्रतिशत बिलो रेट में काम हो रहा है। इसलिए नए सिरे से टेंडर कराना ठीक होगा। इससे निगम को एक करोड़ 25 लाख की बचत होगी। इसे स्वीकार कर लिया गया। इसके साथ ही अमृत मिशन के तहत 5 करोड़ में लगाए जा रहे प्लास्टिक पाइप की जगह डीजल पाइप लगाई जाएगी। निगम की पहली एमआईसी की बैठक में कुल 36 प्रस्ताव रखे गए थे। इसमें से 35 प्रस्ताव पास कर दिए दए। पहला मुद्दा सीवरेज का था। इसमें बताया गया कि वर्तमान में सीवरेज निकाय ब्याज मद में एक करोड़ 63 लाख शेष है। जुलाई 2025 तक काम पूरा करने का टारगेट रखा गया। इसके साथ ही अरपा नदी में प्रवाहित नालों के दूशित जल की रोकथाम एवं उपचार हेतु अनुबंधित एजेन्सी ब्लू स्ट्रीम इंफा डेव्हलपमेंट कंस्लटेंट पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा चरणबद्ध डी.पी.आर. प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार प्रथम चरण में शिव घाट बैराज से पचरी घाट बैराज के मध्य अरपा नदी में प्रवाहित नालों के दूषित जल की रोकथाम एवं एनजीटी मानक के अनुसार उपचार हेतु राषि रू. 103.69 करोड़ की कार्य योजना प्रस्तुत की गई।



एमआईसी की बैठक में चर्चा करते समिति के सदस्य।

### स्ट्रीट लाइट पर विरोध और हंगामा

निगम में बात आई कि शहर के विभिन्न स्थानो में स्थापित पोल खराब स्थिति में आ गए है तथा कई स्थानो में स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य की जरूरत है। इसके लिए साढ़े 5 करोड़ रुपए की एस्टीमेंट तैयार किया गया। इसमें 4 निविदाकारों ने टेंडर भरा था। इसमें मेसर्स उदय श्री ग्रुप जे.वी जांजगीर ने 2.3 प्रतिशत बिलो रेट पर काम ले लिया। इसका प्रस्ताव एमआईसी में रखा गया है तो पार्षद विजय ताम्रकार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि 28 से 30 प्रतिशत बिलो रेट पर काम हो रहा है। इसलिए रि टेंडर करना उचित होगा। हल्के विरोध और हंगामे के बाद तय किया गया कि काम के लिए फिर से टेंडर होगा। इससे निगम को करीब सवा करोड़ की बचत होगी।

### यह प्रस्ताव पास किए गए

- विभिन्न वार्डो में सड़क और नाली के लाखों के काम
- 302 टास्क बेसिस कर्मचारियों फिर से 59 दिवस काम पर रखने की स्वीकृति
- स्कूल जतन योजनांतर्गत बालक माध्यमिक शाला सकरी में 4 अतिरिक्त कमरों के लिए 28 लाख की स्वीकृति
- रिकाण्डो बस्ती चिंगराजपारा में बेसमेंट पार्किंग व व्यवसायिक भू-तल का निर्माण के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति
- राम सेतु ब्रिज को आकर्षक एवं सुंदर बनाने के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति
- देवरीखुर्द एवं चिल्हाटी में पेयजल व्यवस्था के लिए चार करोड़ तिहत्तर लाख की स्वीकृति

**1669 की जगह 1966, 2297 की जगह 4613 रुपए टैक्स लिया जा रहा**

# निगम ने की संपत्ति कर में बढ़ोत्तरी, पानी बिल भी एकसाथ साल भर का मांगा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम द्वारा संपत्ति कर में बेतहाशा बढ़ोत्तरी कर दी गई है। इससे शहर के लोग परेशान हैं। मार्च के अंतिम महीने में जहां टैक्स जमा करने के लिए भीड़ रहती है तो लोग निगम आफिस का चक्कर काट रहे हैं। हाल यह है कि निगम द्वारा जहां पहले 850 वर्गफीट आवासीय मकान का 1669 रुपए टैक्स लिया जा रहा था वह अब 1966 रुपए हो गया है। इसी तरह 2297 रुपए की जगह 4613 और 3688 रुपए की जगह 7012 रुपए टैक्स वसूला जा रहा है। लोगों की शिकायत है कि निगम वेस्ट यूजर चार्ज को दुबारा जोड़ रहा है और टैक्स की गणना मनमाना तरीके से हो रही है। इसके साथ ही पानी का बिल भी एक साथ साल भर जमा करने के लिए कहा जा रहा है। जबकि इससे पहले हर महीने 200 रुपए लिया जाता था।

- **वेस्ट यूजर चार्ज को दुबारा जोड़ रहे, टैक्स की गणना मनमाना तरीके से हो रही, शहर के अधिकांश लोग परेशान, चक्कर काट रहे**

दरअसल शहर और आउटर के वार्डों को मिलाकर 1 लाख 27 हजार 189 करदाता हैं, जिनसे निगम टैक्स वसूलता है। इनमें 10 से 15 प्रतिशत करदाता ऐसे हैं, जो पिछले 15 साल से निगम को टैक्स ही नहीं दे रहे। शहर की बात करें तो 59 हजार 180 और आउटर में 68 हजार 9 करदाता हैं। इसमें नगर निगम का कहना कि री-मैपिंग के बाद संपत्तिकर वसूली के लिए नए स्लैब की घोषणा की गई है। अब हर वह मकान और दुकान, जिन्होंने अतिरिक्त निर्माण किया है, टैक्स के दायरे में आएंगे। इस प्रक्रिया के तहत, नगर निगम ने दो वर्ष पहले ग्लोबल इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआइएस) सर्वे करवाया था, जिसका उद्देश्य संपत्तिकर की चोरी को रोकना है। इस वित्तीय वर्ष में निगम ने 105 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा है, लेकिन करदाताओं के पास डिमांड नोट ही नहीं है। हालांकि निगम का कहना है कि अब 70 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली हो चुकी है। निगम का दावा है कि 90 प्रतिशत से अधिक की वसूली कर ली जाएगी।



### नहीं की गई है बढ़ोत्तरी

संपत्तिकर में इस तरह की कोई नई बढ़ोत्तरी तो नहीं की गई है। रिकार्ड के आधार पर ही टैक्स डिमांड भेजे जा रहे हैं। जिन्हें कुछ शिकायत है या गड़बड़ी लग रही है वे आवेदन दे सकते हैं। विचार करते हुए सुधार जरूर किया जाएगा।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

### जिनको शिकायत वे निगम में आवेदन करें

निगम अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों को भी टैक्स में बढ़ोत्तरी की शिकायत है वे आवेदन दे सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक निगम आवासीय और व्यावसायिक दो कैटेगरी में संपत्तिकर वसूलता है। आवासीय की तुलना में कमर्शियल टैक्स की गणना में वार्षिक भाड़ा मूल्य दोगुना से ज्यादा लगता है। इससे संपत्तिकर भी बढ़ जाता है। अधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर लोगों को यही लगता है कि घर में दुकान खोलने पर पूरे घर का व्यावसायिक संपत्तिकर वसूला जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। अमला जांच के दौरान देखेगा कि घर के कितने हिस्से में दुकान है। यदि 1000 वर्गफीट के घर में 100 वर्गफीट की दुकान है तो केवल 100 वर्गफीट का ही व्यावसायिक टैक्स लगेगा। लोगों को यह भी विकल्प दिया जाएगा कि वे दुकान बंद कर लें और उसकी सूचना निगम में देकर आवासीय करा लें। नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार शहर में इस समय करीब 40 हजार गुमाश्ता और ट्रेड लाइसेंस जारी किए गए हैं।

### पांच सालों तक सर्वे ही नहीं किया

यह पूरी गड़बड़ी शहर में टैक्स वसूली का जिम्मा संभालने वाली रांची की ठेका कंपनी स्पायरोकेयर की मानी जा रही है। इस कंपनी ने 5 सालों तक शहर में सर्वे ही नहीं किया। इसलिए 2019 में जिन 60 हजार आवासीय और कमर्शियल मकानों से टैक्स मिल रहा था 2024 में भी वही हालत रही। पांच सालों तक टैक्स में एक रुपए की भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई। निगम ने अब नए सिरे से नई कंपनी एंटिट साल्यूशन से सर्वे कराया तो 36 हजार नए संपत्तियों की जानकारी मिली है, जिनसे टैक्स वसूली होगी। इन पांच सालों में स्पायरोकेयर ने जमकर गड़बड़ी की। हाल यह है कि 10 हजार से अधिक मकानों का डाटा ही निगम को ना तो आनलाइन और न ही आफ लाइन ही मिल रहा है।

### पुराने रिकार्ड के आधार पर टैक्स हो रहा जमा

निगम का कहना है कि सर्वे के दौरान नगर निगम क्षेत्र में हजारों मकान ऐसे पाए गए हैं, जो पुराने रिकार्ड के आधार पर संपत्तिकर जमा कर रहे हैं जबकि उनके मौजूदा निर्माण के अनुसार संपत्तिकर अधिक होना चाहिए। सर्वे में कई रसूखदार, राजनीतिक हस्तियों, बिल्डरों व कारोबारियों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने नई इमारतें खड़ी की हैं लेकिन पुरानी दरों पर ही टैक्स जमा कर रहे हैं। इसलिए ही नगर निगम 2016-17 की पुरानी दरों को बदलकर आइडब्ल्यूएमएस आधारित नए सर्वे के मुताबिक नया टैक्स वसूलने की तैयारी कर रहा है।

### जीआईएस में ढाई लाख मकान और दुकान

गौरतलब है कि निगम के रिकॉर्ड में शहर और आउटर के वार्डों में 1.27 लाख मकान और दुकान हैं तो जीआईएस सर्वे के अनुसार शहर में करीब ढाई लाख मकान और दुकान हैं। निगम का भी मानना है कि ठेका कंपनी स्पायरोकेयर ने रिकॉर्ड अपडेट नहीं किया है, इसके चलते ये परेशानियां आ रही हैं, जो मकान नए बने हैं, उसे भी टैक्स वसूली के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। फिलहाल डिमांड रजिस्टर में उन्हीं करदाताओं के नाम दर्ज हैं, जो टैक्स पटा रहे हैं। ज्ञात हो कि टेंडर के अनुसार स्पायरोकेयर को 90 प्रतिशत से अधिक टैक्स वसूल करनी थी, लेकिन एक बार भी कंपनी 69 प्रतिशत से ज्यादा टैक्स नहीं वसूल सकी। इसके चलते निगम को आर्थिक नुकसान हुआ।

**सर्वर ठप**

# प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में दिन की रजिस्ट्री रात तक हुई


घंटों इंतजार करते रहे लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंजीयन विभाग द्वारा नेशनल जेनेरिक डाक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर को लागू किया गया है, लेकिन वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में एनजीडीआरएस का सर्वर डाउन हो रहा है, जिससे पूरे प्रदेश में जमीन रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित हो रहा है। बुधवार को दिनभर सर्वर डाउन रहा, जिसके कारण रात साढ़े नौ बजे तक जमीन रजिस्ट्री का कार्य चलता रहा।

- **रजिस्ट्री कार्य दो-तीन दिनों से प्रभावित**
- **एनजीडीआरएस का पूरे प्रदेशभर में सर्वर डाउन की समस्या**

पंजीयन कार्यालय में सर्वर डाउन रहने के कारण सोमवार को पूरे दिन रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हुआ था और रात में गिनती मात्र के दस्तावेज रजिस्ट्री हो पाया था। मंगलवार को एनजीडीआरएस का सर्वर ठीक रहा, जिसके कारण पंजीयन कार्यालय में तेजी से जमीन की रजिस्ट्री हुई, लेकिन बुधवार को सुबह से फिर से सर्वर डाउन की समस्या होने लगी। सर्वर डाउन होने की वजह से पंजीयन कार्यालय का स्टाफ सहित पक्षकार भी परेशान होते रहे। बिलासपुर पंजीयन कार्यालय में जिन पक्षकारों को स्लॉट बुकिंग दौरान दोपहर 2 बजे का आनलाइन अपाइंटमेंट मिला था, उनकी रजिस्ट्री शाम पांच बजे हुई। इसी तरह दिन में जिन्हें अपाइनमेंट मिला था उनकी रजिस्ट्री शाम से रात तक होती रही।

### सभी जगहों पर एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री

पंजीयन विभाग द्वारा जमीन के दस्तावेजों के रजिस्ट्रेशन के लिए एनआईसी पुणे द्वारा विकसित नेशनल जेनेरिक डाक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर को लागू किया गया है। पहले पायलेट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के कुछ जिलों के पंजीयन कार्यालयों में इसे लागू किया गया था, उसके बाद पिछले साल अप्रैल माह से प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस सिस्टम लागू कर दिया गया। इसमें अचल संपत्ति के हम व स्वामित्व की जांच के लिए राजस्व विभाग के भुईयां सॉफ्टवेयर से इंटीग्रेशन किया गया है।

### करोड़ों के राजस्व का नुकसान

प्रदेशभर में पंजीयन कार्यालय में एनजीडीआरएस का सर्वर डाउन चल रहा है जिससे रजिस्ट्री से मिलने वाले करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिलासपुर पंजीयन कार्यालय में ही मंगलवार को एक ही दिन में डेढ़ सौ से अधिक दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई थी जिससे 1 करोड़ 20 लाख राजस्व प्राप्त हुआ था। इसके अलावा उप पंजीयक कार्यालयों में अलग से रजिस्ट्री हो रही है। वहीं बुधवार को सर्वर डाउन होने से केवल 25-30 रजिस्ट्री ही हो पाई थी। इस तरह प्रदेशभर में सर्वर डाउन की वजह से रजिस्ट्री कार्य प्रभावित होने से करोड़ों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### प्रभावित रहा कामकाज

एनजीडीआरएस का सर्वर डाउन होने से अचल संपत्तियों के दस्तावेज रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित रहा। प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में सर्वर डाउन की समस्या आ रही है, जिसके कारण रात तक रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है।

**-राजीव स्वर्णकार**
जिला पंजीयक

# केंद्रीय विश्वविद्यालय ने रोकी पूर्व सम-कुलपति प्रो. खोखर की पेंशन

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने पूर्व सम-कुलपति व प्रभारी रजिस्ट्रार रहे प्रो. एमएसके खोखर की पेंशन रोक दी है। प्रो. खोखर पहले स्टेट गवर्नमेंट के उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत सेवा में थे और बाद में यूनिवर्सिटी की सेवा में आ गए थे। इस तरह से उन्हें दो जगह से पेंशन से भुगतान हो रहा था, इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनकी पेंशन को सस्पेंड कर दिया है।

प्रो. एमएसके खोखर पहले स्टेट गवर्नमेंट के उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत कालेज में प्राध्यापक रहे, उसके बाद वे करीब वर्ष 1996 में गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी की सेवा में चले गए थे। उस समय गुरू घासीदास स्टेट यूनिवर्सिटी थी। प्रो. खोखर स्टेट गवर्नमेंट से वीआरएस लेकर यूनिवर्सिटी की नौकरी में आ गए थे। वर्ष 2009 में गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला। उसके बाद वर्ष 2014 तक प्रो. खोखर सेंट्रल यूनिवर्सिटी की सेवा में रहे और सेंट्रल यूनिवर्सिटी से ही रिटायर हो गए। रिटायरमेंट के बाद उन्हें सेंट्रल यूनिवर्सिटी से पेंशन मिलने लगी, स्टेट गवर्नमेंट से भी उन्हें पेशन मिल रही थी। यह मामला सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पिछले कार्य परिषद की बैठक में आया था, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सैन्य कार्मियों के अलावा अन्य किसी सेवा में दो पेंशन भुगतान का प्रावधान नहीं है इसलिए प्रो. खोखर का पेंशन निलंबित रखा गया है।

### कार्यपरिषद ने लिया है निर्णय

प्रो. खोखर पहले स्टेट गवर्नमेंट की नौकरी में थे और वहां से वे यूनिवर्सिटी की सेवा में आ गए थे। यूनिवर्सिटी से ही उनकी सेवानिवृत्ति हुई थी। उनके पेंशन भुगतान का मामला कार्य परिषद में रखा गया था, जिसमें फिलहाल पेंशन निलंबित रखने का निर्णय हुआ है।

**-प्रो. एमएन त्रिपाठी**
मीडिया प्रभारी, सीयू

# सोने की चेन लूटने वाले दो युवक व खरीददार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चार माह पूर्व एनटीपीसी अधिकारी की बेटी के गले से सोने की चेन लूटने वाले बाइक सवार दो युवकों व खरीददार सराफा व्यापारी को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से लूट की चेन बरामद कर ली गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, सीपत एनटीपीसी उज्जवलानगर निवासी भुनेश्वर सिंह ठाकुर एनटीपीसी में सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। 7 नवंबर 2024 को उनकी बेटी उर्जा ठाकुर अपनी मां मीना ठाकुर के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एई, 4841 नवाडीह चौक से घर जा रहे थे। एनटीपीसी गेट के पास बाइक सवार नकबापोश दो युवक आए और झपट्टा मारकर उर्जा सिंह के गले से 7 ग्राम वजनी सोने की चेन लूटकर भाग गए थे। पुलिस अपराध कायम कर बाइक सवार युवकों की पतासाजी कर रही थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से टीआई गोपाल सतपथी, धर्मेन्द्र यादव, दीपक उपाध्याय, राहुल सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर चंद्रप्रकाश यादव पिता स्व. कृष्ण कुमार यादव 25 साल रतनपुर, शशिकांत वैष्णव पिता रामलोचन वैष्णव 30 साल नूतन चौक निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों युवकों ने सोने की चेन लूटना स्वीकार कर लिया। युवकों ने यह भी बताया लूट के बाद सोने की चेन को सीपत चौक स्थित दिव्या ज्वेलर्स के संचालक राजेश सोनी पिता नारायण सोनी 53 साल गया विहार सरकण्डा निवासी के पास 18 हजार रुपए बेच दिया है। पुलिस ने सराफा व्यापारी राजेश सोनी को पकड़कर लूट की चेन बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवक व खरीददार को गिरफ्तार कर लिया है।



# परीक्षा दिलाकर स्कूल से बाहर निकलते छात्र पर चाकू से हमला, मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** परीक्षा दिलाकर स्कूल से बाहर निकल रहे छात्र को युवकों ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस वारदात से स्कूल में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, बन्नाक चौक निवासी जनकराम मरकाम का बेटा रजनीश मरकाम शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा नवमीं की पढ़ाई कर रहे हैं। 24 मार्च को रजनीश परीक्षा दिलाने स्कूल गया था। शाम 4 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद रजनीश स्कूल के बाहर निकला। बाहर में नयापारा निवासी कृष्णा यादव अपने अन्य साथियों के साथ गुट बनाकर खड़ा हुआ था। बिना किसी कारण के रजनीश के साथ गाली गलौज करने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट करने लगे। उसके बाद कृष्णा यादव ने उसके पीठ पर चाकू से हमला कर दिया।







